मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-12, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 204 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

08 जनवरी 2024 सोमवार

आज का मौसम

19 अधिकतम

13 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# सजा माफी रद्द, बिल्किस बानो के सभी आरोपियों को फिर जाना होगा जेल

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

गुजरात के बिलकिस बानो केस में दोषियों की रिहाई के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज अपना फैसला सुना दिया। सुप्रीम कोर्ट ने दोषियों की रिहाई का फैसला रद्द करते हुए याचिका को सुनवाई योग्य माना है। कोर्ट ने कहा कि महिला सम्मान की हकदार है। दोनों राज्यों (महाराष्ट्र-गुजरात) के लोअर कोर्ट और हाई कोर्ट फैसले ले चुके हैं। ऐसे में कोई आवश्यकता नहीं लगती है कि इसमें किसी तरह का दखल दिया जाए। दरअसल अगस्त 2022 में गुजरात सरकार ने बिलकिस बानो गैंगरेप केस में उम्रकैद की सजा पाए सभी 11 दोषियों को रिहा कर दिया था। दोषियों की रिहाई को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। अब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद बिलकिस के दोषियों को जेल जाना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इस कोर्ट के मई 2022 के आदेश पर हमारे निष्कर्ष है।. प्रतिवादी संख्या 3 ने यह नहीं बताया कि गुजरात हाई कोर्ट ने सीआरपीसी की धारा 437 के तहत उसकी याचिका खारिज कर दी थी और प्रतिवादी संख्या 3 ने यह नहीं बताया था कि समयपूर्व रिहाई का आवेदन महाराष्ट्र में दायर किया गया था, ना कि गुजरात में। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा, महत्वपूर्ण फैक्ट को छिपाकर और भ्रामक तथ्य बनाकर दोषी की ओर से गुजरात राज्य को माफी पर विचार करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।



### सुरक्षित रख लिया था फैसला

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयन की बेंच ने फैसला सुनाया है। बेंच ने पिछले साल 12 अक्टूबर को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले पर अदालत में लगातार 11 दिन तक सुनवाई हुई थी. सुनवाई के दौरान केंद्र और गुजरात सरकार ने दोषियों की सजा माफ करने से जुड़े ओरिजिनल रिकॉर्ड पेश किए थे. गुजरात सरकार ने दोषियों की सजा माफ करने के फैसले को सही ठहराया था. समय से पहले दोषियों की रिहाई पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल भी उठाए थे. हालांकि, कोर्ट ने कहा था कि वो सजा माफी के खिलाफ नहीं है, बल्कि ये स्पष्ट किया जाना चाहिए कि दोषी कैसे माफी के योग्य बने। इससे पहले 30 सितंबर, 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया था कि क्या दोषियों के पास माफी मांगने का मौलिक अधिकार है. यह अधिकार चुनिंदा रूप से नहीं दिया जाना चाहिए।

## संभाग समीक्षा के क्रम में आज भोपाल संभाग के अफसर तलब

# भोपाल की नब्ज पर मुख्यमंत्री का हाथ, असर कितने गुना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

संभागों की नब्ज टटोलने के क्रम में आज मुख्यमंत्री डा मोहन यादव भोपाल संभाग की नब्ज पर हाथ रख रहे हैं। दोपहर बाद मिंटो हॉल में इस समीक्षा को लेकर प्रशासनिक स्तर पर काफी गहमागहमी है। खासतौर पर हाल में भोपाल में अवैध रूप से संचालित हो रहे बालगृह का मामला सामने आने व धर्मपरिवर्तन समेत कुछ अन्य बड़ी अनियमितताएं उजागार होने के चलते अफसरों की सांसे फूली हुई हैं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री यादव ने संभाग समीक्षा के दौरान भी कई अफसरों को हटाया है। माना जा रहा है कि गुना हादसे की तरह ही भोपाल में बच्चियों को रेस्क्यू करने के मामले में महिला बाल विकास के शीर्ष अफसरों समेत जिला संभाग के पुलिस व प्रशासन के अफसर भी सीएम के रडार पर आ सकते हैं। भोपाल समेत संभाग के जिलों में कलेक्टर व एसपी की भूमिका भी सीधे सीएम के रडार पर है, समीक्षा से पहले सीएम सचिवालय ने कई मामलों की गहराई से जानकारी भी जुटाई है। उल्लेखनीय है कि राज्य बाल आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो व सदस्यों ने भोपाल के तारासेवनिया में अवेध संचालित बाल गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि बाल गृह न तो पंजीकृत है न ही मान्यता प्राप्त है। वहां जो बच्चियाँ रेस्क्यू कर लाई गई, सीडब्लूसी को उसकी सूचना भी नहीं दी गई न ही अन्य शासकीय प्रक्रियाओं का पालन किया गया। इस पर आयोग द्वारा संस्था के विरुद्ध एफ़आईआर दर्ज कराई गई। इस मामले में सीधी उंगलियां महिला एवम बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव तक उठ रही हैं।दरअसल आयोग अध्यक्ष कानूनगो ने भी सीधा जिम्मेदार विभाग प्रमुख को ही बताया है। उनके ट्वीट और रिपोर्ट में साफ उल्लेखित है की जो हूबहू सरकारी एजेन्सी चाइल्ड लाइन के रूप में बच्चों को रेस्क्यू कर रही थी, उसी ने बच्चों को गुपचुप ढंग से अवैध बाल गृह में रखा था।

बताया यह भी जा रहा है कि विस चुनाव के पहले कुछ अकर्मण्य अधिकारियों ने इन्हीं संस्थाओं के हाथ में बच्चों के संरक्षण हेतु चाइल्ड लाइन संचालित करने का काम देने का आदेश कैबिनेट से स्वीकृत करवा लिया था। उल्लेखनीय है कि विभाग की पीएस दीपाली रस्तोगी हैं,उनके पति व सीएम के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी को भी सीएम यादव ने शपथ के तीन दिन बाद हटा दिया था और अभी तक उन्हें बिना विभाग के पदस्थ रखा है। हालांकि इस मामल में जिला व संभाग स्तर पर तैनात विभाग के अफसरों की भूमिका पर पहली उंगली उठ रही हैं।



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज विन्ध्य कोठी स्थित निवास पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों से भेंट की, उनकी समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं की निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।*

### अफसर खुद बने सरकार!

इधर सरकार में मंत्रियों को विभाग वितरण के पहले अफसरों ने कई फैसले ऐसे लिये हैं जिन्हें लेकर चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि अफसरों ने कुछ फैसले बिना मंत्री के अनुमोदन के कर डाले हैं इनमें तबादले भी शामिल हैं। इनमें स्कूल शिक्षा आयुक्त द्वारा एक शिक्षिका पूनम शिव जुत्शी का बीच शिक्षा सत्र में ग्वालियर से भिंड तबादला भी सामने आया है, बताया जाता है कि शिक्षिका रिटायरमेट के करीब है।

### बजाओ ढोल, कोई रोकेगा तो मैं देखूंगा : शिवराज



वहीं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डीजे-बैंड वालों से कहा- 'आप ढोल बजाओ, ताशे बजाओ, आप बैंड बजाओ... कोई रोक नहीं है, कोई रोकेगा तो मैं देख लूंगा।' यह बात उन्होंने बीती रात सीहोर के भैरुंदा में कही। पूर्व सीएम के इस बयान के बाद बैंड-बाजा संचालकों में खुशी देखने को मिली। भैरुंदा के डीजे, बैंड और ढोल-ताशों के संचालक मप्र सरकार के कोलाहल नियंत्रण नियम को लेकर उनसे मिलने पहुंचे थे।

# घुटनों पर आया मालदीव, सरकार ने उच्चायुक्त को तलब किया

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

पीएम मोदी पर विवादित टिप्पणी के बाद मचे बवाल के बीच भारत अब मालदीव पर किसी भी तरह से नरमी के मूड में नहीं है। आधिकारिक विरोध दर्ज कराने के बाद भारत ने आज दिल्ली में मालदीव के उच्चायुक्त को तलब किया।

मालदीव के उच्चायुक्त सुबह साउथ ब्लॉक स्थित विदेश मंत्रालय पहुंचे। वहीं मालदीव घुटनों पर है क्योंकि भारत के टूरिस्ट वहां से मुंह मोड रहे हैं कि फ्लाइट रद्द कर दी गई हैं। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि भारत ने इस पूरे विवाद को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। इससे पहले मालदीव ने नरमी दिखाई थी तथा बयान देने वाले तीन मंत्रियों को बर्खास्त कर दिया था। यह विवाद ऐसे समय शुरू हुआ, जब राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू एक सप्ताह की चीन यात्रा पर रवाना हुए हैं। मालदीव सरकार का कहना था कि इस मामले में दिए गए बयान मंत्रियों के व्यक्तिगत बयान है। सरकार का इस मामले से कोई संबंध नहीं है। मालदीव के तीन उप मंत्रियों ने मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के बाद उनकी आलोचना की थी।

### भारतीय पर्यटकों ने भी मुंह मोड़ा



# झटका : राजस्थान में सत्तारूढ भाजपा उम्मीदवार-मंत्री की हार

**जयपुर।** राजस्थान में करणपुर सीट पर हुए उपचुनाव में बेहद चौंकाने वाला फैसला आया है। यहां भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल की हार हुई है। कांग्रेस प्रत्याशी रुपिंदर सिंह यहां से जीते हैं। यह हार भाजपा के लिए भी बड़ा झटका है, क्योंकि चुनाव से पहले ही पार्टी ने सुरेंद्रपाल को भजनलाल सरकार में मंत्री बना दिया गया था। गहलोत ने कहा कि यह भाजपा के घमंड की हार है। रुपिंदर ने सुरेंद्र पाल को 12हजार से अधिक मतों से हराया। हालांकि इस परिणाम का राजस्थान की भजन लाल सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। रुपिंदर सिंह को अपने पिता के निधन के बाद वोटर्स की भी सहानुभूति मिली है। उनके पिता विधायक थे, कांग्रेस ने इन्हें टिकट दिया था, लेकिन निधन के कारण ही राजस्थान की कुल 200 में से 199 सीटों पर मतदान हुआ था।



# फिर सपा पर भड़कीं मायावती बताया- जान का खतरा

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने समाजवादी पार्टी पर फिर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी दलित विरोधी है जिससे उन्हें अपनी जान का खतरा है। मायावती ने आज एक्स पर कई पोस्ट किए और कहा, 'सपा अति-पिछड़ों के साथ-साथ जबरदस्त दलित-विरोधी पार्टी भी है, हालाँकि बीएसपी ने पिछले लोकसभा आमचुनाव में सपा से गठबन्धन करके इनके दलित-विरोधी चाल, चरित्र व चेहरे को थोड़ा बदलने का प्रयास किया था। मायावती ने कहा, 'अब सपा मुखिया जिससे भी गठबन्धन की बात करते हैं उनकी पहली शर्त बसपा से दूरी बनाए रखने की होती है, वैसे भी सपा के 2 जून 1995 (गेस्ट हाउस कांड) सहित घिनौने कृत्य किए है। बीएसपी यूपी स्टेट ऑफिस के पास ऊँचा पुल बनाया। जहाँ से षड्यन्त्रकारी अराजक तत्व पार्टी दफ्तर, कर्मचारियों व राष्ट्रीय प्रमुख को भी हानि पहुँचा सकते हैं।



# कमलनाथ ने शपथ के बाद कहा-मैं दिल्ली क्यों जाऊं





**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पूर्व सीएम कमलनाथ ने आज विधानसभा में स्पीकर कक्ष में विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के समक्ष शपथ ली। वे भोपाल से बाहर होने की वजह से विस के विशेष सत्र में शपथ लेने नहीं आ सके थे। आज इस मौके पर दिग्विजय सिंह,जीतू पटवारी, सज्जन वर्मा समेत कई अन्य नेता भी मौजूद थे। शपथ के बाद मीडिया से चर्चा में नाथ ने कहा कि मुझे प्रदेश की सेवा करने का एक और मौका मिला है, मेरे लिए खुशी की बात है। उन्होंने इस सवाल पर कि क्या विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद क्या हाईकमान आपसे नाराज है, कहा कि यह आप हाइकमान से ही पूछिएगा। उन्होंने कहा कि मैं मध्यप्रदेश में ही रहूंगा दिल्ली क्यों जाऊंगा। उन्होंने विपक्ष के इंडिया गठबंधन संबंधी सवालों को टालते हुए कहा कि जो लोग इसको देख रहे हैं वह फैसला करेंगे, मैं इंडिया गठबंधन की चर्चा में शामिल नहीं हूं। इधर शपथ के बाद पीसीसी में नवगठित राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक शुरू हो गई है। नाथ समेत सभी वरिष्ठ नेता इसमें शामिल हैं।

**मेट्रो एंकर**

## मध्यप्रदेश समेत 14 राज्यों में कई दिनों से जनजीवन अस्त-व्यस्त...

# सर्दी का सितम, अभी तीन दिन राहत नहीं

**नई दिल्ली भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

देश में इस वक्त डेढ दर्जन राज्यों में सर्दी का सितम जारी है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में शीतलहर चल रही है। मप्र में दो दर्जन जिलों में कोहरा व बारिश के हालात बने हुए हैं। भोपाल में नये साल में अब तक सूरज के ठीक से दर्शन नहीं हो पा रहे हैं। यह हालात भी अभी दो तीन दिन रहने का अनुमान जताया गया है। वहीं देश के 14 राज्यों में कोहरे से जनजीवन प्रभावित रहा। ट्रेनों की रफ्तार भी कम रही, जिससे वे घंटों देरी से गंतव्यों पर पहुंचीं। उत्तर भारत के ज्यादातर क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते 8-10 जनवरी के बीच उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में गरज के साथ बारिश की भी संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में सोमवार को भी भीषण से अधिक भीषण ठंड की स्थिति बनी रह सकती है। उसके बाद तापमान थोड़ा बढ़ेगा और ठंड से राहत मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, 14 राज्यों में कोहरे की स्थिति बनी हुई है। इनमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, ओडिशा शामिल हैं। इसके अलावा पूर्वोत्तर में असम, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा में भी घने कोहरे का अनुमान जताया गया है।



कटरा से भी ठंडे भोपाल, रायसेन

*मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित होने लगा है। पिछले सात दिन से लगातार मौसम सर्द है। आज भी सुबह कड़ाके की ठंड रही। घना कोहरा होने से विजिबिलिटी 10 मीटर रह गई। ग्वालियर, गुना, सागर, रायसेन, उज्जैन समेत कई शहरों में भी ऐसा ही मौसम है। इंदौर में तीन दिन बाद धूप खिली। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन में मालवा समेत आसपास के क्षेत्रों में ओले गिरने का अनुमान जताया है। अभी मप्र में 11 शहरों में तापमान 20 डिग्री से कम चल रहा है। रविवार को कहीं बारिश तो कहीं कोहरा छाया रहा, भोपाल में कड़ाके की ठंड दिन में भी महसूस हो रही है और लोग सडकों पर अलाव का सहारा ले रहे हैं।*

**करीब** 4 हजार 616 मतदाताओं द्वारा मतदान किया जाएगा

**निर्वाचन** क्षेत्र में प्रत्याशियों के बैनर, पोस्टर हटाए, पारदर्शिता के लिये वीडियो रिकॉर्डिंग की जा रही

## जिला अभिभाषक संघ के चुनाव

# 100 बूथों पर सुबह 8 बजे से शुरू हुई वोटिंग, शाम 5:30 बजे तक चलेगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी भोपाल में जिला अभिभाषक संघ के चुनाव की वोटिंग सोमवार सुबह 8 बजे से शुरू हो गई। चुनाव के मद्देनजर कोर्ट परिसर में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। कोर्ट परिसर में 100 मतदान बूथ बनाए गए हैं। जिसमें करीब 4 हजार 616 मतदाताओं द्वारा मतदान किया जाएगा। निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शिता के लिए वीडियो रिकॉर्डिंग की जा रही है। इसके अतिरिक्त जिला न्यायालय प्रांगण में पूर्व से अधिसूचित निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्याशियों के बैनर, पोस्टर हटा दिए गए हैं। प्रशासन के सहयोग से तथा प्रधान न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में पूरी निर्वाचन प्रकिया सम्पन्न की कराई जाएगी। इस चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी रवींद्र तिवारी के नेतृत्व में 17 अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी लगभग 125 निर्वाचन अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। शाम 5:30 बजे तक जिला न्यायालय परिसर मतदान प्रक्रिया चलेगी। कार्यक्रम के अनुसार, 9 और 10 जनवरी को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जा सकेंगे। 12 जनवरी को नई कार्यकारिणी का कार्यभार ग्रहण होगा।



### 96 प्रत्याशी मैदान में हैं

इस बार 96 प्रत्याशी मैदान में हैं। इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह-सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पुस्तकालय अध्यक्ष तथा पुरुष महिला कार्यकारिणी सदस्य के 24 पदों हेतु 96 प्रत्याशी मैदान में है। मुख्य चुनाव अधिकारी रवीन्द्र तिवारी ने बताया कि जिला बार एसोसिएशन, भोपाल में 8500 अधिवक्ता पंजीकृत है। मध्य प्रदेश स्टेट बार कौंसिल की वेरिफिकेशन लिस्ट के अनुसार 4616 अधिवक्ता मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे।

### सरकार के संज्ञान में नहीं है मामला, अधिकारियों को पता होने के बावजूद चुप

# रात नौ बजे के बाद मिलती ही नहीं लो-फ्लोर बसें, लोग हो रहे परेशान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के दूर–दराज अंचलों की तो छोड़िए राजधानी भोपाल में रात नौ बजे के बाद लो फ्लोर बसें नहीं मिल रही है। लोग परेशान हो रहे हैं। निजी कैब कंपनियों के भरोसे शहर चल रहा है। जिसमें आम नागरिकों को मोटी रमक चुकानी पड़ रही है।

हाल यह है कि भोपाल व रानी कमलापति जैसे बड़े रेलवे स्टेशन से सार्वजनिक परिवहन के साधन नहीं मिल रहे हैं। केवल यहां कुछ टैक्सी, ऑटो और बड़ी संख्या में कैब कंपनी वाले खड़े रहते हैं जो लोगों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। जबकि रात 12 बजे तक लोग नौकरी, पेशा से लेकर एक से दूसरे हिस्सों से आते–जाते रहते हैं। सामाजिक संगठनों के प्रमुखों का कहना है कि प्रशासन लोगों की सुविधाओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है लेकिन रात में परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं करा पा रही है। इस दिशा में सरकार को सोचना चाहिए। अधिकारियों को निर्देशित करना चाहिए कि वे राजधानी जैसे शहर में रात्रिकालीन सस्ती परिवहन सुविधाएं का इंतजाम करें।



### जब कंपनियां सेवाएं दे सकती हैं तो सरकार क्यों नहीं

लोगों का कहना है कि जब निजी कैब कंपनियां 24 घंटे सेवाएं दे सकती है तो सरकार का तंत्र तो काफी बड़ा है। वह ऐसे सिस्टम क्यों विकसित नहीं कर सकती, जो नागरिकों को सस्ती सेवाएं ईमानदारी के साथ दे सकें। वरिष्ठ नागरिक अनिल बाजपेयी का कहना है कि सरकार को जनहित से जुड़े ऐसे काम निजी कंपनियों के भरोसे नहीं छोड़ना चाहिए, बल्कि तत्परता से आगे आकर खुद करने चाहिए। इसमें भी आम जनता की भलाई है, क्योंकि योजनाएं चालू करने और उनका लाभ देने भर से आम आदमी को सहूलियतें नहीं होंगी।



**परिचय सम्मेलन** मानस भवन में निषाद वंशीय मछुआ समाज के सम्मेलन में माझी मझवार केवट कश्यप निषाद रैकवार आदि समाज के युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन हुआ।




*कुक्कुट भवन में अंबेडकर समग्र समाज कल्याण महासंघ के स्थापना दिवस पर दशम चेतना कार्यक्रम के तहत समाज के लोगों का सम्मान किया गया।*

# 48 जिलों के सरकारी स्कूलों को लघु उद्योग निगम के माध्यम से भेजा जाएगा फर्नीचर

### राज्य शिक्षा केंद्र

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता ब?ाने और फर्नीचर की बेहतर व्यवस्था को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने कवायत तेज कर दी है। इस बार सरकारी स्कूलों तक फर्नीचर उपलब्ध कराने के लिए लघु उद्योग निगम का भी सहयोग लिया जाएगा। करीब 48 जिलों के स्कूलों को लघु उद्योग निगम के माध्यम से डेस्क और बेंच उपलब्ध कराई जाएंगी।इसको लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने संबंधित जिलों को दिशा-निर्देश जारी किए है। इसके साथ ही जिलों से स्कूलों की जानकारी भी मंगाई गई है।




### लघु उद्योग निगम करेगा फर्मों का निर्धारण

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि समग्र शिक्षा अंतर्गत माध्यमिक शालाओं के छात्रों के लिए डेस्क और बेंच की खरीदी राज्य स्तर से लघु उद्योग निगम के माध्यम से किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार, लघु उद्योग निगम द्वारा फर्मों का निर्धारण कर शालाओं तक फर्नीचर भेजा जाएगा। इसके लिए जिलों को संबंधित स्कूलों के प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापक को जरूरी दिशा-निर्देश जारी करने को कहा गया है।

**यह 48 जिले सूची में शामिल:** जारी आदेश के अनुसार, फर्नीचर उपलब्ध कराने के लिए 48 जिलों की सूची तैयारी की गई है। इस सूची में आगर मालवा, अलीराजपुर, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, भिंड, बुरहानपुर, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, दतिया, देवास, धार, गुना, ग्वालियर, हरदा, नर्मदापुरम, इंदौर, जबलपुर, झाबुआ, कटनी, खंडवा, खरगौन, मंदसौर, मुरैना, नरसिंहपुर, नीमच, निवाड़ी, पन्ना, रायसेन, राजगढ़, रतलाम, रीवा, सागर, सीहोर, सिवनी, शहडोल, शिवपुरी, सीधी, टीकमगढ़, उज्जैन और उमरिया जिला शमिल है।

## बीयू: पीजी फर्स्ट सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन 9 तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ( बीयू ) के विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। बीयू से संबद्ध कॉलेजों में स्नातकोत्तर फर्स्ट सेमेस्टर नियमित, स्वाध्यायी, एटीकेटी परीक्षा के विद्यार्थी 9 जनवरी तक विलंब शुल्क के साथ परीक्षा के आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा विशेष विलंब फीस के साथ परीक्षा आवेदन परीक्षा शुरू होने से तीन दिन पहले तक जमा किए जा सकेंगे। जानकारी के अनुसार, बीयू से संबद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत फर्स्ट सेमेस्टर स्नातकोत्तर, जिनमें एमए, एमकॉम, एमएससी, एमएससी होम साइंस, मास्टर ऑफ सोशल वर्क, एमए यौगिक साइंस, पीजी डिप्लोमा इन यौगिक साइंस नियमित, स्वाध्यायी या एटीकेटी के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भरे जाएंगे। 300 रुपये विलंब शुल्क के साथ 9 जनवरी अंतिम तारीख तय की गई।

## सुखमनी का पाठ करता है दुखों का अंत : द्रोपदी



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

बजरंग सेना समिति ने सुखमनी साहिब का पाठ किया। दीदी द्रोपदी धनवानी ने सुखमनी पाठ की महिमा बताई। समिति उपाध्यक्ष जीतू शिवनानी को रामध्वजा देकर जन्म दिन की बधाई दी गई।

दीदी ने कहा कि 'सुखमनी सुख अमृत प्रभु का नाम भगत जना के मन विश्राम '' प्रातः काल जो सुखमनी का पाठ करता है वो अमृत के समान रहता है, उस अमृत को पीने के बाद समस्त रोगों से मुक्ति मिल जाती है। सारे दुखों का अंत होता है। समिति के अर्चक पुरोहित राज कुमार गर्ग ने जीतू शिवनानी केसेवा कार्यो की प्रशंसा की। अध्यक्ष कमलेश देवानी ने जीतू शिवनानी के पशु पक्षियों को दाना पानी देना, असहाय, पीड़ित मानवों की सेवा करने की सराहना की।

इस अवसर पर बजरंग सेना समिति के मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, गुरदास रामचंदानी, राज बिजोरिया, प्रभु मूलचंदानी, लखन शिवनानी, वासु देवानी आदि उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** | गुरूनानक प्रखंड में सबनानी बांटे अक्षत

# श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा अभियान में बांटे जा रहे अक्षत

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

22 जनवरी 2024 को राम लला प्राण प्रतिष्ठा के निमित पूरे भारत वर्ष में अक्षत वितरण अभियान एक से 15 जनवरी तक चल रहा है । संत नगर और उसके आसपास के क्षेत्रों और कॉलोनियों में अक्षत वितरण अभियान चलाया जा रहा है । विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, आर.एस.एस., बीजेपी एवं अन्य हिन्दू वादी संगठन मिलकर गुरूनानक प्रखण्ड के कार्यकर्ता संतनगर एवं उसके आसपास घर-घर जाकर अक्षत आमंत्रण दे रहे हैं ।

हिन्दू परिवारों से 22 जनवरी को दीपावली मनाने का आग्रह किया जा रहा है। गुरूनानक प्रखण्ड की पंचवटी कॉलोनी



फेस-2 से फेस-4 तक किया गया अक्षत वितरण अभियान । इसमें विधायक भगवानदास सबनानी, विश्व हिन्दू परिषद विभाग सह सत्संग प्रमुख संदीप जैन, वरिष्ठ समाजसेवी अतुल वर्मा, महेश बजाज, सिंधी पंचायत पंचवटी अध्यक्ष शिवप्रकाश सोनी, गौ सेवक, विजय साहू श्यामलाल बलवानी, राजेश कटारे, मनोज गुप्ता, शरद गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### बजरंगी बांट रहे अक्षत

बजरंग दल का 22 जनवरी को दीपावली मनाने का आव्हान अभियान जारी हैं। बजरंगी संतनगर में घर अक्षत की पुड़िया, राम चित्र एवं निमंत्रण पत्र दे रहे हैं। लोगों से घरों को राशन करे, पटाखे फोड़ने की अपील की जा रही है। रविवार को भी बजरंग दल के भूपेन्द्र सिंह गुर्जर, संतोष यादव, जीतू कटारिया, करन सिंह, संतोष तोमर, कमलेश देवानी अभियान का हिस्सा बने।

## ठंड में जरुरतमंदों को ओढ़ाए कम्बल

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

कर्मण्य वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष संतोष तोमर एवं बजरंग सेना समिति ने शिव मंदिर, रेलवे फाटक रोड झुग्गी झोपडी, संत हिरदाराम साहिब कुटिया प्रागण एरिया में ठंड में कपकपाते हुए जरुतमंदो को कंबल ओडाए। इस अवसर पर संतोष तोमर, रमेश तोलानी, कमलेश देवानी, कमलेश नाथानी, राज बिजोरिया, खेमचंद उपस्थित थे।

### गांधी मेडिकल कॉलेज इंदौर के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. भंडारी का मामला

**चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी नहीं दे रहे समयमान वेतनमान**

# जिन्हें विदेश मंत्री ने फिजी में सम्मान दिलाया, उसे डीएमई के अधिकारी न्याय के लिए ग्यारह साल से भटका रहे



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इंदौर मेडिकल कॉलेज के जिस रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. भंडारी को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फिजी में हिंदी का सर्वश्रेष्ठ सम्मान दिलवाया, उसे मप्र चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी 11 साल से समयमान वेतनमान के लिए भटका रहे हैं। अंततः हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ के आदेश पर भी जब अधिकारियों ने लाभ नहीं दिलाया तो भंडारी ने पीएमओ को एक पत्र लिखकर गहरी निराशा जताई और शासकीय कार्यालयों में आपातकाल लागू करने की मांग कर दी है। असल में भंडारी ही वह शख्स हैं जिन्होंने सबसे पहले एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में कराए जाने का बीड़ा उठाया था और पाठ्यक्रम तैयार कराने में भी अहम भूमिका निभाई थी। डॉ. भंडारी ने 3 जनवरी को पीएमओ को लिखे पत्र में बताया है कि वह दिसंबर 2020 में सेवानिवृत्त हुए। उन्हें 1 अप्रेल 2006 से समयमान वेतनमान का लाभ वर्ष 2012 से मिलना था जब लाभ नहीं दिया तो दोबारा 1 जून 2021 को आदेश हुए थे। तब भी अधिकारियों ने लाभ नहीं दिया। वह अन्य प्राध्यापकों के साथ हाईकोर्ट इंदौर खंडपीठ की शरण में गए। विभाग की ओर से तब के प्रमुख सचिव ने न्यायालय ने कम्प्लायंस रिपोर्ट पेश कर लाभ देने की बात कही थी लेकिन अफसरों ने तब भी लाभ नहीं दिया। भंडारी ने पत्र में बताया कि 2008 से राज्य के अधिकारी, कर्मचारियों को समयमान वेतनमान देने की घोषणा हुई थी। लाभ 1 अप्रैल 2006 से दिया जाना था। चिकित्सा शिक्षा विभाग के शिक्षकों को लाभ देने 2012 में दोबारा आदेश निकाला गया। तब भी लाभ नहीं मिला तो न्यायालय की शरण ली थी। 31 जुलाई 2019 को मामले में पहली सुनवाई हुई और इसी दिन लाभ देने के आदेश हुए थे। लाभ नहीं मिलने पर जनवरी 2020 में अवमानना याचिका लगाई थी। इसी बीच 1 जून 2021 को डीएमई ने राज्यपाल के हस्ताक्षर से मुझे समेत 3 प्राध्यापक को लाभ देने के आदेश दिए लेकिन तब भी मुझे छोड़कर दो प्राध्यापको लाभ दे दिया गया। मुख्यमंत्री मप्र व आपके कार्यालय को पत्र लिखे, तब भी आज तक लाभ नहीं मिला।

## छोटी-बड़ी खबरें

### लेट फीस 300 रुपए के साथ 9 जनवरी तक जमा होंगे परीक्षा फॉर्म

**भोपाल,दोपहर मेट्रो।** बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) के बीकॉम एवं बीएससी ऑनर्स प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख 9 जनवरी है। छात्र 300 रुपए लेट फीस के साथ फॉर्म जमा कर सकते हैं। इसमें नियमित एवं एटीकेटी के विद्यार्थी शामिल हैं। बीयू द्वारा परीक्षा की तारीख जल्द जारी की जाएगी। इधर बीयू ने छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा के दिन भी फॉर्म जमा करने की छूट दी है। इसके लिए उन्हें चार हजार रुपए विलंब शुल्क के तौर पर देने होंगे। अभी तक तीन दिन पहले तक विद्यार्थियों को एक हजार रुपए पैनल्टी के साथ परीक्षा में शामिल होंने की छूट दी जाती है।

### संस्कृत स्कूल की संबंद्धता के लिए 15 तक आवेदन

**भोपाल,दोपहर मेट्रो।** महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान से संबद्ध शिक्षण संस्थान की संबद्धता एवं नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आवेदन की आखिरी तारीख 15 जनवरी है। ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात हार्डकॉपी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 30 जनवरी तक जमा करना होगी। विद्यालयों को वर्तमान में प्रचलित पाठ्यक्रम के आधार पर, संस्थान से सम्बद्धता के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑफलाइन आवेदन मान्य नहीं होंगे।

### विद्याभारती का तीन दिवसीय समिति समागम 12 से

**भोपाल,दोपहर मेट्रो।** विद्याभारती का तीन दिवसीय समिति समागम संकल्प दृष्टि 2024' कार्यक्रम 12 जनवरी से शुरू होगा। कार्यक्रम का आयोजन शारदा विहार आवासीय विद्यालय में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देशभर से 180 समितियों के 1500 से अधिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। उद्घाटन समारोह के मुख्य वक्ता विद्याभारती के अखिल भारतीय महामंत्री अवनीश भटनागर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपाध्यक्ष डॉ. रवीन्द्र कान्हेरे करेंगे। इस अवसर पर सह संगठन मंत्री यतीन्द्र शर्मा, अभा सह संगठन मंत्री राम अरावकर, क्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान के अध्यक्ष मोहनलाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### सिया कमेटी ने दोहराई खनिज खदान मालिकों के लिए गाइडलाइनें

# खनिज खदानों के आसपास सुरक्षाकर्मी करने होंगे तैनात



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश में जितनी भी खनिज खदानें हैं, उनके आसपास सुरक्षाकर्मियों की तैनाती करनी होगी। अकेले तार फेंसिंग से काम बिल्कुल नहीं चलेगा। लीज पर खदान का जो पट्टा मिला है उसी दायरे में खुदाई और माल डपिंग कर सकेंगे। यही नहीं खदानों के आसपास क्षेत्रों में पक्की सडकें बनवानी ही होंगी। अभी कई खदानों के आसपास कच्ची सडकें हैं, जो वायु प्रदूषण को बढ़ा रही है। इससे आसपास के गांवों में प्रदूषण का नया संकट गहराता जा रहा है। मप्र राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण -सिया- ने नए सिरे से खदान मालिकों के लिए गाइडलाइन दोहराई है।

सिया ने जो गाइडलाइन दोहराई है उसमें कहा है कि मुख्य खनिज श्रेणी की खदानों के के आसपास सूचना बोर्ड लगाएं ताकि लोग हादसों का शिकार होने से बच सके। काम करने वाले श्रमिकों को ई-व्हीकल के लिए प्रेरित करें, व्हीकल को चार्ज करने की सुविधा दें। जिन शर्तों के तहत अनुमति दी जा रही है उसका पालन प्रतिवेदन हर छह महीने में दें। ऐसा नहीं करने पर पर्यावरणीय मंजूरी निरस्त कर देंगे। खनिज पट्टा क्षेत्र में पौधा रोपण, तार फेंसिंग जैसे काम जिला प्रशासन की अनुमति के आधार पर करें। कार्रवाई विवरण पटवारी पंजी में दर्ज कराएं। खनिज का परिवहन वाहनों के ऊपरी हिस्से को तिरपाल से ढंककर करें, ताकि सड़कों पर खनिज न गिरे।

### वायु प्रदूषण बन रहा है बड़ी समस्या

प्रदेश के लगभग सभी स्थानों पर वायु प्रदूषण खतरनाक होता जा रहा है। भोपाल, ग्वालियर व जबलपुर जैसे मुख्य शहरों व इनके आसपास के क्षेत्रों में तो हवा अधिक प्रदूषित है। जिसके कारण एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 से 400 तक पहुंच रहा है, हालांकि तेज कोहरा और धुंध के कारण अभी इसमें गिरावट आई है क्योंकि हाल के दिनों में कुछ जिलों में बूंदाबांदी भी हो गई थी। असल में प्रदूषण की मुख्य वजह धूल वाला वातावरण भी है। जिसकी मुख्य वजह शहर व आसपास के क्षेत्रों में उखड़ी और कच्ची सकड़ें भी है। इन सडक़ों पर वाहनों के दौडऩे के साथ ही धूल का स्तर वातावरण में मिलता है और अन्य कणों के साथ मिलकर हवा की सेहत को बिगाड़ रहा है। जिसको लेकर पर्यावरण विभाग चिंतित है। पूर्व से सभी निकायों, पीडब्ल्यूडी, एमपी आरआरडीए, हाउसिंग बोर्ड को कहा गया है कि सड़कों की गुणवत्ता ठीक रखें। मेंटेनेंस अवधि वाली सड़कों को समय पर ठीक कर दें। यही नहीं पर्यावरण विभाग कई बार जरुरत वाली कच्ची सडक़ों को पक्का करने की याद दिला चुका है। सिया के अधिकारियों ने बीते महीने हुई बैठक में सभी खदान मालिकों से कहा है कि वे हर संभव नियमों का पालन करें, नहीं तो कार्रवाई की जाएगी।

# मंत्री की मुर्गा पार्टी: कार्रवाई से अधिकारी खींच रहे हाथ!

### 20 दिन में भी जांच पूरी नहीं, सक्षम अधिकारी तो फोन ही नहीं उठा रहे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बाघ भ्रमण जैसे संवेदनशील इलाके में पूरे दिन धमाचौकड़ी के बाद जब मामला खुला तो भोपाल से लेकर नर्मदापुरम तक के अधिकारी कार्रवाई करने से हाथ खींच रहे हैं। यही वजह है कि 20 दिन से चली आ रही जांच अब तक पूरी नहीं हुई। अभी भी अधिकारी यही कह रहे हैं कि जांच चल रही है लेकिन अब तक की जांच में निकलकर क्या आया, ये बताने तैयार नहीं है।

मामला सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) में जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह की चिकन पार्टी का है। वह विधायक विधानसभा चुनाव 2023 में विधायक चुनकर आए थे उसके बाद पार्टी की थी। तब वह पूर्व मंत्री हो चुके थे। उनके लिए एसटीआर के कुछ अधिकारियों ने रिजर्व के अंदर बाघों की मौजूदगी वाले जंगल में शानदार पार्टी कराई थी। जिसके वीडियो खुद विजय शाह ने बनाए और वायरल भी किए थे। जब मामले की भोपाल से लेकर दिल्ली तक शिकायत हुई तो अधिकारी हरकत में आए और आनन-फानन में डिप्टी डायरेक्टर से जांच शुरू कराई लेकिन जांच का अब तक अता-पता नहीं है। हालांकि पीसीसीएफ वन्यप्राणी का दावा है कि जांच चल रही है और संबंधितों से सवाल-जवाब कर रहे हैं, उसके बाद कुछ निष्कर्ष पर पहुंचेंगे और कार्रवाई भी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह में एसटीआर के बाघ मूवमेंट क्षेत्र में चिकन पार्टी का एक वीडियो सामने आया था। जिसमें खुद विजय शाह बोलते सुनाई दे रहे हैं। यही नहीं, आधा दर्जन वनकर्मी भी दिखाई दे रहे थे जो बाघ मूवमेंट वाले प्रतिबंधित क्षेत्र में आग जलाकर चिकन पका रहे थे। तब मंत्री मंडल का गठन नहीं हुआ था। वीडियो सामने आने के बाद आरटीआई कार्यकर्ता अजय दुबे ने पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ व बाद में एनटीसीए को शिकायत की थी। मामले में एनटीसीए ने संज्ञान लेते हुए रिपोर्ट तलब की थी, जो अब तक नहीं भेजी है।

### पूर्व व वर्तमान की मुलाकात



भोपाल,दोपहर मेट्रो। लंबे समय बाद मप्र लौटे पूर्व सीएम कमलनाथ से कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष जीतू पटवारी ने चर्चा की। पटवारी ने कहा कि नाथ के मार्गदर्शन और हम सबके साझा प्रयासों से मप्र में निश्चित ही कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी।

### आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आज आखिरी दिन

**भोपाल.** जनजातीय कार्य विभाग के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। आवेदन की आज अंतिम तारीख है। साथ ही परीक्षा प्रवेश पत्र 29 जनवरी को और परीक्षा 11 फरवरी 2024 को सुबह 10 से 12 बजे तक होगी। कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति, विमुक्त जनजातियां, घुमक्कड़ समुदाय के बच्चे आवेदन कर सकते हैं।

### 'गाथा श्री राम मंदिर की'



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविन्द्र भवन में 'गाथा श्रीराम मंदिर की' संगीतमय महागाथा का श्रवण किया।

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो
अपने कारोबार-उत्पाद को आगे बढ़ाएं दोपहर मेट्रो के साथ



विज्ञापनों के लिए संपर्क करें
प्रधान कार्यालय 182 - ए शाहपुरा (मनीषा मार्केट के पास) भोपाल
फोन नं.- 0755-4917524, 0755-2972022

**मेट्रो एंकर**

### नये सिरे से शुरू होने वाला है विचार

# अब भाजपा नेता मंत्री दर्जा बचाने के लिए फिक्रमंद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में सरकार बदलने के बाद से अब पिछ्ली सरकार में नियुक्त मंत्री दर्जा प्राप्त नेताओं के बारे में नये सिरे से विचार शुरू होने वाला है। तब तक इन पर पद रहने या जाने की तलवार लटकी हुई है।

दरअसल कई नेता विधानसभा चुनाव हार गए हैं। निगम-मंडलों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाए गए ऐसे पार्टी पदाधिकारियों की नियुक्ति को लेकर भाजपा जल्द निर्णय लेगी। वजह यह भी है कि नई सरकार के गठन के बाद से ही पिछ्ली सरकार में बने सभी निगम-मंडलों अध्यक्षों की नियुक्ति स्वतः्समाप्त मानी जाती है। प्रदेश में फिर हालांकि फिर से भाजपा की ही सरकार बनी है और निगम-मंडलों में पार्टी के पदाधिकारी ही नियुक्त है इसलिए सूत्र बताते हैं कि अब भाजपा का प्रदेश नेतृत्व प्रदर्शन के आधार पर निर्णय करेगा कि इन्हें पद पर यथावत रखा जाए या नहीं।

यह भी तय माना जा रहा है कि अब कई नये नाम भी निगम मंडलों में मंत्री दर्जा के लिये सामने आने वाले हैं। गौरतलब है कि पूर्ववर्ती शिवराज सरकार में भी लंबे समय निगम मंडलों में नियुक्ति अटकी रही थीं और काफी चुन चुनकर नियुक्ति दी जाती रहीं। अब कहा जा रहा है कि निगम, मंडल और प्राधिकरण के पदाधिकारियों के संबंध में जल्द निर्णय लिया जाएगा।

### निगम-मंडलों में नियुक्त नेता


**मुन्नालाल गोयल**, राज्य बीज एवं फर्म विकास निगम अध्यक्ष,राजकुमार कुशवाह बीज एवं फर्म विकास निगम उपाध्यक्ष, **इमरती देवी**- लघु उद्योग निगम अध्यक्ष, **आशुतोष तिवारी**- हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष, **प्रदीप जायसवाल**- माइनिंग कार्पोरेशन अध्यक्ष, **शैलेंद्र बरूआ**- पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष, **प्रहलाद भारती**- पापुनि उपाध्यक्ष, **निर्मला बारेला**- आदिवासी वित्त एवं विकास निगम अध्यक्ष, **विनोद गोटिया**- पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष, **जसवंत जाटव**- पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम अध्यक्ष, **जितेंद्र लिटोरिया** - खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष, **रणवीर जाटव**- संत रविदास हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम अध्यक्ष, **रघुराज कंसाना**- पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम अध्यक्ष, **गिर्राज दंडोतिया**- ऊर्जा विकास निगम अध्यक्ष।

सुविचार

''जीवन में प्रयास सदैव कीजिए,
लक्ष्य मिले या अनुभव दोनों ही अमूल्य हैं।''
- अज्ञात

# आरोपों से घिरे मुख्यमंत्री संविधान कानून की उड़ा रहे धज्जियां

**आलोक मेहता**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्या मंत्री हेमंत सोरेन तथा बिहार के उप मुख्या मंत्री तेजस्वी यादव मनी लॉन्ड्रिंग (अवैध रूप से धन की हेराफेरी) मामलों को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में हैं। तीनों वित्तीय जांच एजेंसियों के सम्मन से बच रहे हैं। अटकलें लगाई जा रही हैं कि नेताओं की गिरफ्तारी हो सकती है। केजरीवाल स्वयं भारतीय राजस्व सेवा के अनुभवी अधिकारी हैं और आय कर कानूनों पर अमल और उनसे बचने के तरीकों को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। दूसरी तरफ हेमंत सोरेन तथा तेजस्वी यादव के पिता शिबू सोरेन एवं लालू प्रसाद यादव सत्ता तथा जेल में रहने के अनुभव जानते हैं। इसलिए दोनों बेटे सत्ता और सजा के दांव पेंच समझते हैं। अब मुद्दा यह है कि अपने समर्थन और बहुमत से सत्तारुढ़ राज्य के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया जा सकता है?

इस सवाल पर पहला तथ्य यह देखना चाहिए कि पद सँभालते समय ये मुख्या मंत्री या मंत्री शपथ क्या लेते हैं। शपथ है मैं, ईश्वर की शपथ लेता हूं/सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूं कि मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा, मैं भारत की प्रभुता और अखंडता अक्षुण्ण रखूंगा, मैं .. संघ के मुख्य मंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक और शुद्ध अंतःकरण से निर्वहन करूंगा तथा मैं भय या पक्षपात, अनुराग या द्वेष के बिना, सभी प्रकार के लोगों के प्रति संविधान और विधि के अनुसार कार्य करूंगा। जब वे संविधान और विधि के तहत शपथ लिए हुए हैं, तब शासन व्यवस्था की संवैधानिक जांच एजेंसियों के कामकाज में सहयोग करने से कैसे बच सकते हैं? लेकिन हाल के वर्षों में खासकर केजरीवाल के सत्ता में आने के बाद विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और उनके सहयोगी नेता केन्दीय जांच एजेंसियों - ई डी, सी बी आई के काम में दीवार खड़ी कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो सी बी आई के अधिकारियों को अपनी पुलिस से गिरफ्तार करावा दिया और अब उनके समर्थकों ने ई डी के अधिकारियों को घेर











हमला कर भगा दिया। केंद्र में भाजपा की सरकार है। ये तीनों नेता प्रतिपक्ष के हैं, लेकिन इनके विरुद्ध क़ानूनी प्रकरण बहुत गंभीर और वर्षों से जांच के घेरे में हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने तीन बार - 3 जनवरी, 2 नवंबर और 21 दिसंबर को तलब किया था। उन्होंने उन सभी को ÷अवैध÷ और ÷राजनीति से प्रेरित÷ बताते हुए टाल दिया। वित्तीय जांच एजेंसी ने उन्हें उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपना बयान दर्ज करने के लिए बुलाया था।केजरीवाल को समन तब जारी किया गया था जब सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर 2023 में ईडी से यह बताने के लिए कहा था कि राजनीतिक दल, आम आदमी पार्टी (आप), जो कथित तौर पर दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति %घोटाले% की लाभार्थी थी, को क्यों नहीं बनाया गया है।

इसी मामले में केजरीवाल की पार्टी के सहयोगी मनीष सिसौदिया और संजय सिंह पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने पहले दावा किया था कि आम आदमी पार्टी के नेताओं ने 2022 के गोवा विधानसभा चुनावों में अपने अभियान के लिए विभिन्न हितधारकों से रिश्वत के रूप में प्राप्त 100 करोड़ रुपयों का इस्तेमाल किया। यह आरोप लगाया गया है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए दिल्ली सरकार की 2021-22 की उत्पाद शुल्क नीति ने गुटबंदी की अनुमति दी और कुछ डीलरों का पक्ष लिया, जिन्होंने कथित तौर पर इसके लिए रिश्वत दी थी, इस आरोप का क्कने बार-बार खंडन किया। बाद में नीति को रद्द कर दिया गया और दिल्ली के उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की, जिसके बाद ईडी ने पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी कई मामलों में ईडी की जांच के दायरे में हैं। उनमें से कुछ में भूमि घोटाला मामला और लाभ के पद से जुड़ा भ्रष्टाचार का मामला शामिल है। खबरों के मुताबिक, वह एक माओवादी के उस आरोप के सिलसिले में भी जांच के घेरे में है, जिसमें उसके गिरोह ने सीएम के करीबी व्यक्तियों को संरक्षण राशि देने का आरोप लगाया था। 3 जनवरी को, ईडी ने अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोरेन के सहयोगियों के खिलाफ छापेमारी की। 10 से अधिक स्थानों पर तलाशी ली गई, जिसमें हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद और हजारीबाग के डीएसपी राजेंद्र दुबे के आवास भी शामिल हैं। इससे पहले, ईडी ने कथित भूमि घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को नया समन जारी किया था। मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत ईडी द्वारा सोरेन को जारी किया गया यह सातवां समन था, जिसमें उन्हें एजेंसी के सामने पेश होने और कथित घोटाले के संबंध में अपना बयान दर्ज करने के लिए कहा गया था। केजरीवाल की तरह, सोरेन ने भी भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर उनकी लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करने का आरोप लगाते हुए सभी सात सम्मनों को नजरअंदाज कर दिया। चुनाव आयोग ने अगस्त 2022 में झारखंड के तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस को एक पत्र भेजा था, जिसमें बताया जाता है कि विधायक के रूप में उन्हें अयोग्य घोषित करने की सिफारिश की गई थी क्योंकि उन्हें दिए गए खनन पट्टे को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान नवीनीकृत किया गया था। अटकलें लगाई जा रही हैं कि इन दोनों सीएम की गिरफ्तारी हो सकती है। केजरीवाल की पार्टी ने हाल ही में इस सवाल का जवाब ढूंढने के लिए घर-घर जाकर अभियान शुरू किया था, क्या अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा दे देना चाहिए या गिरफ्तार होने पर उन्हें जेल से काम करना चाहिए?

ईडी छह समन के बाद बिना दिखावे के सोरेन की गिरफ्तारी पर विचार कर सकता है। रिपोर्ट में सोरेन के हवाले से कहा गया है कि उनसे पूछताछ जांच के लिए महत्वपूर्ण है और इस बात पर जोर दिया गया कि समन के खिलाफ उनकी अपील को उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय ने खारिज कर दिया था। कानून की नजर में हर भारतीय नागरिक एक आम इंसान है. मुख्यमंत्रियों को अपने कार्यकाल के दौरान गिरफ्तारी से कोई छूट नहीं है।आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता 1973 (सीआरपीसी) के अनुसार, कानून प्रवर्तन एजेंसी किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकती है, जिसके खिलाफ अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया हो। किसी मुख्यमंत्री को केवल तभी गिरफ्तार किया जा सकता है जब यह मानने के पर्याप्त कारण हों कि आरोपी फरार हो जाएगा, सबूत नष्ट करने की कोशिश करेगा या कानूनी प्रक्रिया से बचने के लिए ऐसा काम करेगा।इसके अलावा, किसी मुख्यमंत्री को केवल तभी पद से हटाया जा सकता है जब उसे किसी मामले में दोषी ठहराया जाता है। जांच के दौरान सीएम को पद संभालने से कानूनी तौर पर मनाही नहीं है।कानून के अनुसार, केवल भारत के राष्ट्रपति और राज्यों के राज्यपालों को पद पर रहते हुए नागरिक और आपराधिक दोनों मामलों में गिरफ्तारी से सुरक्षा दी जाती है। संविधान 1949 में अनुच्छेद 361 कहता है, ÷राष्ट्रपति, या किसी राज्य के राज्यपाल की गिरफ्तारी या कारावास की कोई प्रक्रिया, उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत से जारी नहीं की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने पहले एक आदेश में कहा था कि कैबिनेट सदस्यों और मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने पर विचार करते समय राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सिफारिश के बिना स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकते हैं। यह कहा गया था कि किसी मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने या न देने का निर्णय लेने में, राज्यपाल अपने विवेक का प्रयोग करके कार्य करेंगे, न कि मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से। 2004 में कोर्ट के आदेश में कहा गया था कि अगर किसी आपराधिक मामले में भी मुख्यमंत्री या विधानसभा सदस्य को गिरफ्तार करना हो तो सबसे पहले सदन के स्पीकर से मंजूरी लेनी होती है. इसके बाद ही गिरफ्तारी की जा सकती है। ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आखिरी नोटिस (समन) जारी किया है। इस नोटिस में ईडी ने लिखा है कि इस बार आपको पीएमएलए की धारा 50 के तहत आखिरी मौका बयान दर्ज करने के लिए दिया जा रहा है।ईडी ने मुख्यमंत्री को बयान दर्ज कराने के लिए इस बार यह सुविधा दी है कि है कि वे खुद समय, तिथि और जगह बताए। ईडी के अधिकारी उनसे उनके बताए स्थान समय और तिथि को आकर पूछताछ करेंगे। ईडी ने हेमंत सोरेन को जारी नोटिस में यह भी लिखा है कि वे जान बूझकर इस मामले की जांच से बच रहे है और ईडी की ओर से जारी किए गए समन की अवहेलना कर रहे है। अगर उनके द्वारा जारी किए गए समन की जान बूझकर अवहेलना की जाती है तो ईडी के पास इस संबंध में पीएमएलए एक्ट की धारा के तहत उचित कार्रवाई करने का अधिकार है। ईडी ने यह भी लिखा है कि एजेंसी का कोई भी समन दुर्भावना पूर्ण या राजनीति से प्रेरित नहीं है।

ईडी ने हेमंत सोरेन को भेजे नोटिस में यह भी लिखा है कि बड़गाई अंचल के गिरफ्तार अंचल उप निरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद के घर से छापेमारी के दौरान ईडी को जमीन के कई अहम दस्तावेज मिले थे, जिसके बाद ईडी ने उक्त मामले में ईसीआईआर (आरएनजेडओ25/2023) दर्ज किया था। जिसका अनुसंधान ईडी कर रहा है।इसी मामले में ईडी पूछताछ के लिए अबतक हेमंत सोरेन को छह समन जारी कर चुका है। ईडी ने नोटिस में यह भी लिखा है कि आपकी जो संपत्ति कब्जे में है उसके संबंध में विवरण प्राप्त करना है।ईडी ने नोटिस में लिखा आपसे इस मामले में पूछताछ आवश्यक है, क्योंकि इस मामले में जो ईसीआईआर दर्ज किया गया है, उसमें सरकारी दस्तावेजों में छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। नोटिस में यह भी लिखा कि छह समन जारी किया गया, लेकिन आपकी ओर से निराधार कारण बताया गया और आप ईडी कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए। इस वजह से अनुसंधान में बाधा आ रही है।पूर्व में भेजे गए छह समन में प्रत्येक का सीएम ने जवाब दिया था। उन्होंने समन को दुर्भावना से प्रेरित बताया था। सीएम ने ईडी पर केंद्र के इशारे पर काम करने व लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश का आरोप लगाया था। ईडी ने 5 जनवरी को पूछताछ के लिए दिल्ली डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ) को बुलाया, लेकिन तेजस्वी ने जाने से असमर्थता व्यक्त कर दी। ईडी के सामने तेजस्वी यादव पेश नहीं हुए। कहा गया कि बिहार सरकार के कार्यक्रमों में व्यस्तता के कारण तेजस्वी ईडी (श्रष्ठ) के सामने पेश नहीं हो रहे हैं। तेजस्वी को इससे पहले भी 22 दिसंबर 2023 और 27 दिसंबर 2023 को आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को पूछताछ के लिए दिल्ली स्थित मुख्यालय में बुलाया गया था, लेकिन लालू-तेजस्वी दोनों ईडी के समन भेजने के बाद भी दिल्ली नहीं गए थे। जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव और तेजस्वी यादव से ईडी पूछताछ करना चाहती है। लालू यादव पर आरोप है कि उन्होंने 2004-2009 तक रेल मंत्री रहते हुए नौकरी देने के बदले लोगों की जमीनें ली हैं। लालू तेजस्वी सहित लालू परिवार के कई सदस्यों से पहले भी जांच एजेंसी के द्वारा पूछताछ की जा चुकी है, लेकिन इस मामले में बीते दिनों ऐसे आरोपियों का बयान दर्ज हुआ है जो लालू परिवार के करीबी हैं और उनके द्वारा दर्ज बयान के आधार पर लालू-तेजस्वी से ईडी की टीम पूछताछ करना चाहती है। ईडी ने 31 जुलाई 2023 को आरजेडी नेता राबड़ी देवी, मीसा भारती (लालू यादव की बेटी), विनीत यादव (लालू की बेटी हेमा यादव के पति), शिव कुमार यादव (हेमा यादव के ससुर), ए बी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड की 6.02 करोड़ रुपये की छह अचल संपत्तियों को कुर्क किया था। दोनों कंपनियां लालू प्रसाद यादव के परिवार के सदस्यों के स्वामित्व और नियंत्रण में हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'रेलवे में नौकरी के बदले जमीन' घोटाला मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को नया समन जारी किया और उनसे पांच जनवरी 2024 को पेश होने को कहा। इससे पहले, ईडी ने तेजस्वी (34) को 22 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा था, लेकिन वह पेश नहीं हुए थे। तेजस्वी ने ईडी के नोटिस को नियमित प्रक्रिया बताया। यह घोटाला उस समय का है जब लालू प्रसाद (75) संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के पहले कार्यकाल में रेल मंत्री थे।आरोप है कि 2004 से 2009 तक, भारतीय रेलवे के विभिन्न जोन में समूह 'डी' पदों पर कई व्यक्तियों को नियुक्त किया गया था और बदले में, इन व्यक्तियों ने अपनी जमीन तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों और एक संबंधित कंपनी ए. के. इन्फोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित की थी। ईडी ने लालू प्रसाद के परिवार से जुड़ी कई संपत्तियों पर छापेमारी की और दावा किया कि दिल्ली एक बंगला जो कागज पर 4 लाख रुपये में हासिल किया गया था, उसकी कीमत 150 करोड़ रुपये से अधिक थी।बिहार के उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित बंगले पर शुक्रवार को जब छापेमारी हुई तो वह वहां मौजूद थे। ईडी ने लालू की एक बेटी रागिनी यादव के घर से करोड़ों की ज्वेलरी और नकदी जब्त करने का भी दावा किया है। मतलब एक बार सत्ता के शीर्ष पद पर पहुंचकर आपराधिक मामलों से बचते रहें। तब सामान्य नागरिक क्या नियम कानून तोड़ने के लिए प्रोत्साहित नहीं होगा?

l ikndh;

## निशाना किस पर

पश्चिम बंगाल फिर सुर्खियों में है और केंद्र से सीधे टकराव जैसे हालात नजर आ रहे हैं। इस राज्य में कानून-व्यवस्था के बजाए सत्ता समर्थक अपने हिसाब से राज्य को चलाने की कोशिश करते हैं। जो कुछ उनके प्रतिकूल नजर आता है, उसके खिलाफ हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। राशन घोटाले से जुड़े आरोपों पर छापा डालने गए प्रवर्तन निदेशालय के दल पर हमला इसका ताजा उदाहरण है। राशन घोटाले से संबंधित एक आरोपी के घर प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी पहुंचे, तो वहां ताला बंद मिला। उन्होंने घर का ताला तोड़ने की कोशिश की। तभी अचानक बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग जमा हो गए और जांच दल पर हमला बोल दिया। उनके साथ गए केंद्रीय बल के कर्मियों पर भी हमला किया। उनकी गाड़ियों को तोड़-फोड़ दिया गया। जिस व्यक्ति के घर पर यह सब हुआ, उसे तृणमूल कांग्रेस का कार्यकर्ता और राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री का करीबी बताया जाता है। आखिरकार जांच दल को बिना किसी कार्रवाई के वापस लौटना पड़ा। हालांकि बंगाल में यह पहली और अनोखी घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार जांचों में बाधा डालने, जांच दल को रोकने के प्रयास हुए हैं। करीब पांच वर्ष पहले सारदा चिटफंड घोटाले में राज्य के तत्कालीन पुलिस आयुक्त से पूछताछ के लिए सीबीआइ के अधिकरी पहुंचे थे, तब राज्य पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। उस जांच के विरोध में तो मुख्यमंत्री खुद रात भर धरने पर बैठी रहीं थीं। कुछ वर्षों से विपक्षी दल केंद्र सरकार पर आरोप लगाते रहे हैं कि वह बदले की भावना से उनके खिलाफ जांच एजंसियों का इस्तेमाल कर रही है। इस आधार पर वे जांचों में सहयोग करने से भी बचते रहे हैं। मगर पश्चिम बंगाल में जिस तरह जांच एजंसियों का विरोध किया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। इससे यही जाहिर होता है कि राज्य सरकार को कानून पर भरोसा नहीं है। बंगाल के राशन घोटाले में जांच का सिलसिला काफी समय से चल रहा है। आरोप है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को बांटे जाने वाले राशन का करीब तीस फीसद हिस्सा खुले बाजार में बेच दिया गया और उसका लाभ बिचौलियों ने आपस में बांट लिया। अगर राज्य सरकार और उसके पार्टी समर्थकों को लगता है कि वे बेदाग हैं, तो उन्हें अपने पक्ष में सबूत और तर्क पेश करने चाहिए। इस तरह लाठी-डंडे के जोर पर वे कब तक हकीकत पर पर्दा डालने में कामयाब हो सकते हैं। मगर ममता शासन में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता कानून अपने हाथ में लेने से नहीं हिचकते। हर चीज का फैसला वे अपने ढंग से करना चाहते है लिहाजा खुलेआम हिंसा का सहारा लेते हैं। इसकी वजहें भी जाहिर हैं। खुद सीएम ममता भी परोक्ष अपरोक्ष रूप से समर्थकों-कार्यकर्ताओं की उद्दंडता और हिंसक गतिविधियों का बचाव करने उतर आती हैं। वे अपने कार्यकर्ता को छुड़ाने एक बार थाने तक पहुंच गई थीं। इससे उनके कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है और वे सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को भी अपने ढंग से संचालित करते देखे जाते हैं। अगर कोई व्यक्ति अंगुली उठाता है, तो उसकी जान पर बन आती है। चुनावी हिंसा और प्रतिहिंसा तो वहां लगातार चलती रहती है। मगर सवाल है कि आखिर कोई सरकार अपने लोगों को कब तक बाहुबल के जोर पर बचा सकती है। जरूरी है कि संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बनी रहे,राजनीतिक दुर्भावना को जाहिर करने के और भी कई मंच हैं।

## निशाना

### बाकी मुद्दे गौड़ हुए !

जाति जाति चिल्ला कर।
कर रहे सब काम ।।
बाकी मुद्दे गौड़ हुए।
अब असली पैगाम ।।
गली अगर ना दाल तो।
है पुनः विश्राम ।।
कर सब कुछ प्रयोग।
हैं रहे नाकाम ।।
करने को सब सार्वजनिक।
मन इनका ललचाया ।।
है फिलहाल महफिल।
सत्ता की सब माया ।।
होगा कितना कारगर ?
पकड़ा जो हथियार ।।
लगता विघ्न आनी हैं।
अड़चनें हजार ।।



- कृष्णेन्द्र राय

## आज का इतिहास

- **2020** - केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बाहरी अंतरिक्ष सहयोग के लिए भारत और मंगोलिया के बीच हस्ताक्षरित समझौते को मंजूरी दी।
- **भारतीय** प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने भारत में ई-कॉमर्स पर बाज़ार अध्ययन महत्वपूर्ण निष्कर्ष और अवलोकन शीर्षक वाली एक रिपोर्ट जारी की। सीसीआई द्वारा भारत में ई-कॉमर्स पर बाजार अध्ययन की शुरुआत अप्रैल 2019 में की गई थी।
- **टेलिकॉम** कंपनी रिलायंस जियो ने वाई-फाई कॉलिंग को आधिकारिक तौर पर लॉन्च कर दिया। यह सर्विस किसी भी वाई-फाई पर और भारत में प्रत्येक जगह काम करेगी।
- **2017** - इजरायल के यरुशलम में ट्रक से हमले में कम से कम 4 सैनिकों की मौत, 15 घायल।
- **2009** - पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत ने लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की।
- **कोस्टा** रिका के उत्तरी क्षेत्र में 6.1 तीव्रता के भूकम्प में 15 लोगों की मौत एवं 32 अन्य घायल हुए।
- **2008** -केन्द्र सरकार ने अरुण रामनाथन को वित्तीय क्षेत्र का सचिव नियुक्त किया। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 6ठे प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- **उपन्यासकार** व पत्रकार मैक्डोनाल्ड फ्रेजर का निधन।
- **2003** - श्रीलंका सरकार और लिट्टे के बीच नकोर्न पथोम (थाइलैंड) में वार्ता शुरू।
- **2001** - आइवरी कोस्ट में विद्रोह विफल, भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी वियतनाम व इंडोनेशिया की सात दिवसीय यात्रा पर वियतनाम पहुँचे, भारत-वियतनाम ने कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये, घाना में जैसी रालिंग्स का दो दशक पुराना शासन समाप्त, जॉन कुफारे राष्ट्रपति बने।
- **1996** - फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति फ्रांस्वा मितरां का 79 वर्ष की आयु में पेरिस में देहान्त।
- **1995** - समाजवादी चिंतक, स्वतंत्रता सेनानी और राम मनोहर लोहिया तथा जयप्रकाश नारायण के निकट सहयोगी रहे मधु लिमये का निधन।
- **1929** - नीदरलैंड्स और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेलीफोन संपर्क स्थापित।
- **1952** - जॉर्डन ने संविधान अंगीकार किया।
- **1800** - आस्ट्रिया ने फ्रांस को दूसरी बार हराया।
- **1790** - अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन ने पहली बार देश को सम्बोधित किया।
- **1026**- सुल्तान महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को लूट कर उसे नष्ट कर दिया।

## फिजा में ठंडक



सिवनी मालवा। विकासखंड के अंतर्गत पिछले एक हफ्ते से आसमान छाए रहे बादल आखिरकार बरस ही गए दो दिनों से हो रही बारिश ने फिजा में ठंडक घोल दी है जिसके कारण लोगों को अलाव के सहारे लेते देखे गए।

## स्वागत...



नर्मदापुरम। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा के पदभार ग्रहण करने के उपरांत मध्य प्रदेश रजक समाज के जिला प्रतिनिधि समाजसेवी कैलाश कनौजिया तथा उनके साथियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर नवागत कलेक्टर का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## ग्राम रानीपुर में अयोध्या से आए अक्षत कलश की कलश यात्रा निकाली



**सिवनी मालवा।** क्षेत्र में इन दिनों अयोध्या से आए अक्षत कलश यात्रा गांव-गांव पहुंच रही है जिसका ग्रामीणों द्वारा उत्साह और उमंग के साथ स्वागत किया जा रहा है। इसी के चलते रविवार के दिन ग्राम रानीपुर में अयोध्या से आए अक्षत कलश विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे ग्रामीणों के द्वारा भगवा ध्वज के साथ डीजे पर थिरके ग्राम रानीपुर के प्रवीण कीर मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा शिवपुर , राजेंद्र पटेल पूर्व जनपद सदस्य ने बताया कि यह सिवनी मालवा ब्लॉक की सबसे बड़ी और विशाल अक्षत कलश यात्रा है जिसमे रानीपुर ,गाडरीपुरा , गुरंजघाट , अमलाडा, धाबड़ाघाट, नवलगांव सहित बड़ी संख्या में श्री राम जी के भक्त शामिल हुए। वहीं ग्रामीणों ने ग्राम के हनुमान मंदिर में कलश यात्रा के साथ अखंड रामायण पाठ भी आयोजन किया जिसका आज समापन होगा।

## अक्षत कलश यात्रा निकाल कर आयोध्या से आए पीले चावल बांटे



**नर्मदापुरम।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर घर-घर पीले चावल बांटने व निमंत्रण देने का अभियान चल रहा है। इसी सिलसिले में मालाखेड़ी स्थित चैतन्य नगर एवं गौर कालोनी में भगवा ध्वज लहराते हुए मातृशक्ति ने अयोध्या धाम से आए पीले चावलों को प्रत्येक घर तक पहुंचाया। संगीता मिश्रा ने बताया कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि आज हम उन पूजित अक्षतों का स्वागत कर रहे हैं, जिनका प्रयोग अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय किया जा रहा है। हमें मंदिर के लिए बहुत संघर्ष और लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी, उसके बाद यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। निर्मला राठौर ने बताया कि संपूर्ण देश राममयी हो रहा है। पूरे देश में 500 साल के संघर्ष का समापन, राम राज्य की स्थापना, भव्य राम मंदिर का सपना पूरा हो रहा है। रामलला अब महल में विराजमान होने वाले हैं। भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए सभी उत्साहित हैं। इस अवसर पर श्रीमती सविता व्यास, आशा कौशल, सोनाली दुबे, लता मिश्रा, किरण कौशल, भारती चौकसे आदि बड़ी संख्या में रामभक्त मौजूद रहे।

### ग्राम पर्रादेह में ग्रामीणों ने संकल्प यात्रा का किया स्वागत

# योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए

**नर्मदापरम, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के साथ ही जिलेभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे है और अनेक विभागों द्वारा लगाए जा रहे शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है। रविवार जनपद नर्मदापुरम के ग्राम पर्रादेह में संकल्प यात्रा का ग्रामीणों द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधायक डॉ शर्मा द्वारा विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि , अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.




रविवार को नर्मदापुरम जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पर्रादेह और गुनौरा में, सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत भिलाडिया खुर्द और लुचगांव, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत पनारी और सिमारा, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत बाबईखुर्द और जमानी, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोठरा और जुनावानी ढानी, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत नयाचुरना और नयाधाई मेंसंकल्प यात्रा संकल्प यात्रा पहुंची जहां आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना , इत्यादि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी भी बयां की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकसित भारत के संकल्प की शपथ ली।

सोमवार को नर्मदापुरम जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कांड्राखेड़ी और बहमनगांव कला में, सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत पीपलठौंन और भरलाय,जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत सामनापर और डापका, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत तिखड़ और टांगना, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिछुआ और सिंगपुर,जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत नयाबोरी और खारदा तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्रामपंचायत तेलसिर और गुरमखेड़ी में संकल्प यात्रा पहुंचेगी।

## अनीतिपूर्ण नीतियों पर विराम लगाएं मुख्यमंत्री: दीक्षित

**नर्मदापरम, दोपहर मेट्रो**

निगम मंडलों एवं नगर पालिका नगर निगम की समीक्षा कर नीतियों का निर्धारण इस प्रकार से किया जाना चाहिए कि जनहित को लाभ मिल सके. देखा गया है कि 22 साल सेवा करने के उपरांत भी मात्र 800 से रू.1500 तक पेंशन निगम मंडलों में मिल रही है जबकि शासकीय कर्मचारियों को 25-30 हजार रूपये पेंशन का भुगतान किया जा रहा है. प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव द्वारा अनीति पूर्ण नीतियों पर विराम लगाया जाना चाहिए।



सामाजिक समरसता राष्ट्रीय मंच के अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार लाडली बहनों को 1200 रूपये प्रति माह दिए जा रहे हैं वहीं विधवा बहनों को मात्र 600 रूपये की पेंशन निर्धारित की गई इस प्रकार गलत नीतियों के कारण सरकार के प्रति जन आक्रोश होना स्वाभाविक है. श्री दीक्षित ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा शीघ्र ही इस विषय में निर्णय लिया जाना चाहिए. ताकि सरकार के प्रति जनता का सकारात्मक रवैया बना रहे।

## शिक्षक के साथ ठगी, बदमाश पुलिस पकड़ से बाहर एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

पिछले दिनों रिटायर शिक्षक के साथ हुई ठगी के मामले में सेवानिवृत कर्मचारी पेंशन कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने एसडीओपी राजू रजक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि कुछ लोगों ने 27 दिसंबर को नकली पुलिस बनकर सिवनी मालवा में रिटायर शिक्षक के साथ धोखाधड़ी कर सोने की अंगूठी चुरा ली थी। ज्ञापन में बताया सेवा निवृत शिक्षक शंकर लाल तिवारी से धोखाधड़ी हुई थी। इसमें अज्ञात आरोपी उनके सोने की अंगूठी निकालकर फरार हो गए थे। जिसकी शिकायत 27 दिसंबर को ही तत्काल थाने में की गई तब से आरोपी अभी तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। उन्होंने मांग है कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करें। यदि एक सप्ताह में पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की तो हम पुलिस प्रशासन के विरुद्ध आंदोलन करेंगे। एसडीओपी राजू रजक ने सभी सेवानिवृत पेंशनर को आश्वासन दिया कि पुलिस जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी ।



**मेट्रो एंकर**

### मरीजों से ली उपचार संबंधी जानकारी, देखीं व्यवस्थाएं

# लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण राज्यमंत्री पटेल ने बरेली सिविल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने बरेली सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। स्वास्थ्य राज्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र के अस्पताल का उनका यह पहला दौरा था। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही भर्ती मरीजों से संवाद कर स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली। अस्पताल में प्रत्येक वार्ड में जाकर स्वच्छता का निरीक्षण किया। अस्पताल में स्वच्छता और व्यवस्थाओं को देखकर राज्यमंत्री ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर हेमंत यादव सहित अस्पताल प्रबंधन की प्रशंसा की। वहीं अस्पताल भवन में तीसरी मंजिल पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता की स्वयं जांच की। गुणवत्तापूर्ण कार्य होने पर निर्माण एजेंसी की सराहना की।

निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री श्री पटेल को बीएमओ ने बताया कि सिविल अस्पताल बरेली में प्रतिदिन हजारो की संख्या में मरीज आते है, जिसके दृष्टिगत यहां डॉक्टर्स और स्टॉफ की संख्या में वृद्धि आवश्यक है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि मरीजों को बेहतर और त्वरित उपचार मिले, इसके लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जाएगीं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार की निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक आमजन तक पहुंचे, इसका निरंतर प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ राज्यमंत्री ने लोगों से केन्द्र सरकार और मप्र सरकार सरकार की स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं, सुविधाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर उपचार और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत चौधरी तथा एसडीएम संतोष मुद्गल सहित संबंधित अधिकारी और चिकित्सक उपस्थित रहे।



### कार्यक्रम के बीच जिला अधिकारियों को फोन पर की शिकायत

# विधायक बोले-हमारा ब्लडप्रेशर, शुगर, पल्स चेक करके बताओ, डॉक्टर बोले इंस्ट्रूमेंट नहीं लाए..!

**विकसित भारत संकल्प यात्रा को विभागीय अधिकारी नहीं ले रहे गंभीरता से, हेल्थ कैंप देखकर भड़के विधायक शर्मा**





सईद खान, मो. फरहान, सिरोंज।

**केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं क्षेत्र में योजनाओं के उचित क्रियान्वयन की समीक्षा करने हेतु चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को सिरोंज तहसील के ग्राम धानौदा पहुँची। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा अचानक कार्यक्रम में पहुंचे और व्यवस्थाएं देख आग बबूला हो गए उक्त कार्यक्रमों में देखा जा रहा है कि स्थानीय प्रशासन के विभागीय अधिकारी इस यात्रा को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं आमतौर पर देखा जाता है कि इस तरह के कार्यक्रम सिर्फ रस्म अदायगी ही साबित हो रहे हैं।**

### विभागों के प्रतिनिधि नहीं पहुंचे

वहीं कई विभागों के प्रतिनिधि भी उक्त कार्यक्रम में नदारत रहे इसको लेकर विधायक उमाकांत शर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और सख्त हिदायत दी अनुपस्थित रहने वाले में मुख्य रूप से पीएचई विभाग, खाद्य विभाग शिक्षा विभाग शामिल है।

सरकार की मंशा अनुसार काम नहीं कर रहे प्रशासनिक अधिकारी मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद सरकार एक्शन के मूड में दिखाई दे रही है क्योंकि इसी साल लोकसभा चुनाव भी संपन्न होना है ऐसे में सरकार योजनाओं की प्रचार प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती ऐसे में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता सरकार पर विपरीत असर डाल रही है।

### एलईडी पर वीडियो देखा

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों से बातचीत कर प्रचार रथ के माध्यम से विकसित भारत संकल्प वीडियो एल.ई.डी. के माध्यम से ग्रामीणों के बीच बैठकर देखा



और कहा कि ऐसे गरीब एवं पात्र हितग्राही जिन्हें केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है उनके लिए क्षेत्र में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से उचित लाभ प्रदान करने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है।

### प दीनदयाल के सपनों को कर रहे सरकार

उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार करने हेतु अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के कल्याण हेतु कार्य कर रही है ऐसे में हम सब जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं समाजसेवियों का यह दायित्व है कि हम सरकार की इन योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर हर जरूरत मंदो को उसका लाभ प्रदान कराऐं।

### पीएम की नो गारंटी योजनाओं पर डाला प्रकाश

इस अवसर पर विधायक शर्मा ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 9 गारंटी योजना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत को विकसित देश बनाने हेतु देश के 80 करोड़ लोगों को मुफत राशन, 10 करोड़ महिलाओं को उज्जवला गैस, 4 करोड़ परिवारों को पक्के घर, साड़े 9 करोड़ घरों को नल से जल, 15 करोड़ से ज्यादा किसानों को सम्मान निधि, 50 करोड़ लोगों को 5 लाख तक मुफत बीमा एवं बुजुर्गों के लिए अटल पेशन योजना सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है।

### शिकायती आवेदन लिए

इस अवसर पर भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों से शिकायती आवेदन प्राप्त कर वन-टु-वन चर्चा की एवं मौके पर ही अधिकांश शिकायती आवेदनों का निवारण किया। इस अवसर पर उन्होंने देश को मजबूत बनाने हेतु संकल्प भी कराया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाबसिंह कुर्मी, पूर्व जनपद अध्यक्ष जितेन्द्र वघेल, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भैरोसिंह कुर्मी, भैयालाल शर्मा, राजेश दांगी, सरपंच उत्तमसिंह, गजराज सिंह, बुन्देल सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### हेल्थ कैंप देख भड़के विधायक




कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैंप लगाया गया था जिसमें उक्त क्षेत्र के मरीजों को अपनी जांच करना थी हेल्थ कैंप की व्यवस्थाएं देख क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा भड़क गए उन्होंने कहा कि यह हेल्थ कैंप होता है यह रस्मत आएगी नहीं चलेगी उन्होंने अपना बीपी चेक करने को डॉक्टर को बोला डॉक्टर के पास ब्लड प्रेशर चेक करने वाला आला नहीं था इसके बाद उन्होंने कहा कि मेरी शुगर चेक करो शुगर चेक करने के लिए भी कोई संसाधन डॉक्टर के पास नहीं निकला फिर बोले मेरी पल्स चेक करके बताओ पल्स चेक करने के लिए अभी डॉक्टर के पास कोई इंस्ट्रूमेंट नहीं था विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा पूछे गए कई सवालों के जवाब नहीं दे पाए प्रभारी डॉक्टर।

## प्रकृति के नियम में आना-जाना लगा रहता है, मानवीय जीवन में मानव स्वार्थ में जकड़ा रहता है : रघुवंशी

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

प्रकृति की नियमावली में सुबह सूर्य उगता है शाम को ढल जाता है। सर्दी के बाद गर्मी, गर्मी के बाद बरसात का आना जाना लगा रहता है। पर मानवीय जीवन में ऐसा नहीं है। क्योंकि व्यक्ति सब कुछ लेने के अलाबा किसी को कुछ देना ही नहीं चाहता है, स्वार्थ में इतना जकड़ा रहता है कि वह स्वयं की क्षमता, स्वयं की हैसीयत को ही भूल जाता है। आम जनमत उसे नकार देता है, पर वह फिर भी स्वार्थ में जकड़ा जमा बैठा रहता है। लीपत का ना माढ़ पसात वाली कहावत पर खरा उतरने के बाद भी अपने पद से स्तीफा न देना, कितनी बेशर्मी की बात है। झ नाकारा साबित होने के बाद भी पद पर बने रहना यानि पार्टी को नुकसान पहुंचाना, पार्टी का जनाधार को कम करने के अलावा और कुछ नहीं है। सपा नेता कमलसिंह रघुबंशी का कहना है कि अभी नवम्बर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में शर्मनाक हार होने के बाद, समस्त पदाधिकारियों को नैतिकता के आधार पर अपने पदों से स्तीफा दे देना था। पर पद लोलुपता के चलते किसी ने भी अपने पद से स्तीफा नहीं दिया। वह कार्यकारिणी भंग होने के यानि बेइज्जती के इंतजार में है। कई तो प्रदेश पदाधिकारी होते हुए चुनाव हार गए, पंच की हैसियत मुताविक वोट मिले ,इसके बाद भी वह पद पर आसीन है, ऐसे किस काम के पदाधिकारी जो नैतिकता की हत्या करने के बाद शर्मसार नहीं हो रहे है। हम सभी को मिलकर ऐसे लोगों से किनारा कर लेना चाहिए, अगर समय रहते किनारा नहीं किया तो वेशर्मी की लाइन में हमारी भी गिनती शुरू हो जाएगी। विना जमीन तैयार किए लड़ते है चुनाव मप्र में समाजवादी पार्टी हित में नहीं बल्कि पैसा प्राप्त करने की गरज से लड़ते है अनेक लोग चुनाव। वगैर जमीन तैयार किए चुनाव लड़ने वालो ने ही पार्टी का बंटाढार कर दिया है।

## पथरिया पुलिस ने पकड़ी 35000 की अवैध शराब




**सिरोंज।** वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश पर पुलिस के द्वारा इन अवैध रूप से नशे का कारोबार करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में पथरिया पुलिस थाना प्रभारी ऋतुराज ने मुखविर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल से अबैध शराब ले जाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है । आरोपी के पास से 350 क्वाटर ( 63 लीटर) देसी प्लेन शराब कीमती 35000 रुपए एवं मोटरसाइकिल के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। पथरिया पुलिस ने बताया कि मुखविर की सूचना पर घेराबंदी करके मोटरसाइकिल से अबैध शराब ले जाते हुए धर्मेन्द्र राजपूत निवासी ग्राम रफसौल, प्रदीप उर्फ अजय अहिरवार निवासी ग्राम गुलाब गंज पर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। शराब की कीमत 35000 तथा जब तक की गई मोटरसाइकिल की कीमत 30000 है कुल जपती 35000 की पुलिस ने बनाई है।

## यातायात पुलिस ने बस स्टैंड पर चलाया जागरूकता अभियान




**सिरोंज।** रविवार को यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात विभाग के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाकर यातायात प्रभारी रितेश बघेल ने बस, ऑटो रिक्शा, लोडिंग वाहन, दो पहिया चालकों को समझाई देते हुए सभी वाहनों चालकों से कहा कि हमेशा बहनों के कागजात जैसे ड्रायविंग लाइसेंस, परमिट,बीमा, फिटनेस पूर्ण रखें एवं ऑटो चालक एवं बस चालक वर्दी पहन कर ही वाहन चलाए, शराब पीकर वाहन ना चलाए, नंबर प्लेट नियमानुसार लगी हो, स्कूल वाले ऑटो में जाली और बैग रखने की व्यवस्था हो, बगल में सवारी ना बैठाए, तेज गति से वाहन ना चलाए, वाहन मे फर्स्ट एड बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र, इमरजेंसी विंडो सही हो , ज्वलनशील पदार्थ वाहन मे ना रखे सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

## एसडीएम को पितृ शोक लंबी बीमारी से हुआ निधन

**सिरोंज ।** रविवार को एसडीएम हर्षल चौधरी के पिता, मंडला निवासी जितेंद्र चौधरी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया है उनका अंतिम संस्कार मंडलों में ही किया गया। एसडीएम हर्षल चौधरी के पिता का निधन होने पर नगर में भी शोक की लहर दौड़ गई है। क्योंकि एसडीएम जनता के बीच सक्रिय रहकर काम कर रहे हैं और सीधा संवाद बनाए हुए इस वजह से सभी से इनके पिता के निधन की सूचना मिलने पर शहर में भी शोक व्याप्त है तथा सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की ।



## भागवत कथा के लिए निकली कलश यात्रा



**सिरोंज।** रविवार से सिद्ध बाबा सरस्वास में श्री भागवत जी का आयोजन प्रारंभ हुआ जिसके लिए बड़े भक्ति भाव के साथ कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण जन तथा बालिकाएं मंगल कलश लेकर कथा स्थल तक पहुंची विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद प्रथम दिन की कथा का रसपान कथा वाचक साध्वी राधिका ने करते हुए कथा के महत्व पर प्रकाश डाला और कथा सुनने से होने वाले पुण्य के बारे में बताया की कथा सुनने से ही और कथा करवाने से भगवान प्रसन्न होते हैं भक्तों की सारी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर**

### निर्माण कार्यों का टेन्डर भी सीमित ठेकेदार ही डालते हैं

# नपा में विज्ञप्तियों के नाम पर किया जा रहा भ्रष्टाचार?



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर क्यों ऊंगलियां उठ रही है, क्या नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी सिरोंजवासियों के हित को लेकर कार्य नहीं कर रहे है या गुपचुप में कोई ऐसा कार्य कर धन एकत्रित कर रहे है जो आम नागरिकों को रास नहीं आ रहा है।

### यानि कुछ तो है

प्राप्त जानकारी मुताविक भ्रष्टाचार का भूत कई कर्मचारियों पर सबार है जिसके चलते नपा की कार्यप्रणाली पर सबाल भी खड़े हो रहे है और उंगलिया भी उठ रही है। नगरपालिका से दी जाने वाली विज्ञप्ति किन अखवारों में दी जा रहीं है यह केबल नगरपालिका के अलावा किसी को पता नहीं है। प्राप्त जानकारी मुताविक निर्माण शाखा से अथवा राजस्व व जल प्रदाय अथवा अन्य शाखा से बड़े बड़े कार्यों की विज्ञप्ति (एड) उन अखवारों दी जाती है जो कभी कभार प्रकाशित होते है या शहर में बटते ही नहीं है। जो शहर में संचालित अखवार है उनमें कोई विज्ञप्ति का प्रकाशन कभी पढ़ने में नहीं आता है। यानि सीधे तौर पर यह कहें कि नपा की हर शाख पर भ्रष्टाचार वेशर्म के पौधे की भांति हरया रहा है।

### निर्माण कार्यो का टेन्डर

निर्माण कार्यो का टेन्डर भी सीमित ठेकेदार ही डालते है, अन्य कई ठेकेदारों को निर्माण कार्य का पता न लगने से वह टेन्डर डालने से वंचित रह जाते है, क्योंकि नपा द्वारा गुपचुप तौर पर निर्माण कार्यो की विज्ञप्ति ऐसे अखवार में दी जाती है जो कभी कभार ही प्रकाशित होते है व शहर में वितरण नहीं होते है। अपने पंसदीदा ठेकेदारों को चोरी छिपे सूचना देकर उनसे टेन्डर डलवा लिए जाते है। इस तरह की नपा द्वारा खुलेआम की जा रही धांधली और मनमानी कर किए जा रहे भ्रष्टाचार की जींच की जाकर कार्यवाही करने की आम नागरिकों ने नवनीत मुख्यमंत्री से मांग की है।



### टी20 वर्ल्ड कप से पहले तक का शेड्यूल जारी

# भारत-अफगानिस्तान के बीच टी-20 मैचों की सीरीज की शुरुआत 11 से

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और तीनों फॉर्मेट टी20, वनडे और टेस्ट में नंबर 1 पर रही। भारत ने वर्ल्ड कप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एकतरफा प्रदर्शन किया लेकिन ट्रॉफी नहीं जीत पाई। ऐसा ही वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भी हुआ, लेकिन 2024 में फैंस टीम से टी20 वर्ल्ड कप जीतने की आस लगाए बैठे हैं। उससे पहले टीम पहले 3 महीने में कौन सी किस-किस टीम के खिलाफ सीरीज खेलेगी।



इस साल भारतीय टीम इंग्लैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज खेलेगी। बीसीसीआई ने टी20 वर्ल्ड कप से पहले तक का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके बाद टीम 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी और आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से द्विपक्षीय सीरीज खेलेगी।

### इंग्लैंड और श्रीलंका का अहम मुकाबला

भारत और अफगानिस्तान के बीच 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज की शुरुआत 11 जनवरी से होगी। यह दोनों टीमों के बीच पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी। यह मैच भारतीय समयनुसार शाम 7 बजे से खेले जाएंगे। इसके बाद भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। जो वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के माध्यम से बेहद अहम होगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 25 जनवरी से हैदराबाद में खेला जाएगा। इसके बाद आईपीएल की शुरुआत होगी।

### भारत-अफगानिस्तान टी20 सीरीज

**पहला टी20** – 11 जनवरी मोहाली में खेला जाएगा
**दूसरा टी20** – 14 जनवरी को ग्वालियर में खेला जाएगा
**तीसरा टी20**– 17 जनवरी को बैंगलोर में खेला जाएगा

### इंग्लैंड का भारत दौरा

**पहला टेस्ट**– 25 जनवरी से हैदराबाद में खेला जाएगा
**दूसरा टेस्ट**– 2 फरवरी से वाइजैग में खेला जाएगा
**तीसरा टेस्ट**– 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा
**चौथा टेस्ट**– 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा
**पांचवां टेस्ट**– 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा

### जुलाई से द्विपक्षीय सीरीज होगी

भारतीय टीम के एफटीपी चक्र के अनुसार 2024 में टीम इंडिया इंग्लैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज खेलेगी। इनमें से इंग्लैंड के साथ सीरीज जनवरी से मार्च के बीच खेली जाएगी। वहीं, अन्य देशों के साथ सीरीज जुलाई से दिसंबर के बीच होने की संभावना है। बीसीसीआई ने आगे का शेड्यूल नहीं जारी किया है, लेकिन एफटीपी चक्र से साफ है कि साल के आखिरी छह महीनों में भारत को श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज खेलनी हैं।

### अफगानिस्तान के खिलाफ 3 टी20 मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान

## केएल राहुल के लिए टी20 टीम के दरवाजे बंद, अय्यर व चहल की वापसी भी नामुमकिन

**नईदिल्ली, एजेंसी**





अफगानिस्तान के खिलाफ 3 टी20 मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है. टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी हुई है. लेकिन केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, युजवेंद्र चहल और रवि अश्विन जैसे खिलाड़ियों को निराश होना पड़ा है. इन खिलाड़ियों को टीम में जगह नहीं मिली है. दरअसल, ऐसा माना जा रहा है कि केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, युजवेंद्र चहल और रवि अश्विन जैसे खिलाड़ियों के लिए टी20 टीम के दरवाजे बंद हो गए हैं. इन खिलाड़ियों के लिए भारत की टी20 टीम में वापसी बड़ी चुनौती होगी।

### राहुल और अय्यर की स्ट्राइक रेट पर सवाल...

भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल के अलावा श्रेयस अय्यर की स्ट्राइक रेट पर लगातार सवाल उठते रहे हैं. आलोचकों का मानना है कि केएल राहुल और श्रेयस अय्यर लगातार मौकों के बावजूद खुद को टी20 फॉर्मेट के मुताबिक नहीं ढ़ाल पा रहे हैं. इस कारण इन खिलाड़ियों की जगह बाकी विकल्पों को तलाशा जा रहा है. आंकड़े बताते हैं कि केएल राहुल ने 72 इंटरनेशनल टी20 मैचों में 139.13 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं. वहीं, श्रेयस अय्यर का स्ट्राइक रेट 136.13 है.

### रवि ने बढ़ाई युजवेंद्र चहल की मुश्किलें

युजवेंद्र चहल के लिए वापसी आसान नहीं होगी. दरअसल, ऐसा माना जा रहा है कि मौजूदा वक्त में रवि बिश्नोई युजवेंद्र चहल का विकल्प बन चुके हैं. खासकर, विकेट निकालने की काबिलियत के कारण युजवेंद्र चहल के ऊपर रवि बिश्नोई को तवज्जों मिल रही है. आंकड़े बताते हैं कि युजवेंद्र चहल ने 80 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है. जिसमें इस गेंदबाज ने 8.19 की इकॉनमी और 25.09 की एवरेज से 96 विकेट लिए हैं. वहीं, रवि बिश्नोई ने 21 टी20 मुकाबले में 7.15 की इकॉनमी से 34 विकेट झटके हैं।



## मेट्रो बाजार

## महंगाई : अगले माह से टीवी देखने के लिए देने होंगे ज्यादा पैसे

**मुंबई, एजेंसी**

नए साल में टीवी देखने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने होंगे. जी एंटरटेनमेंट, वायाकॉम 18 और सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया जैसे देश के टॉप ब्रॉडकास्टर्स ने लोगों को बड़ा झटका देते हुए अपने टीवी चैनलों की दरों में बढ़ोतरी कर दी है. इस ऐलान के बाद अब ग्राहकों को अपना पसंदीदा चैनल देखने के लिए ज्यादा कीमत चुकानी होगी. वायाकॉम 18 और नेटवर्क 18 की डिस्ट्रीब्यूशन आर्म ने अपने चैनलों की दरों में 20 से 25 फीसदी तक की बढ़ोतरी का फैसला किया है. वहीं जी एंटरटेनमेंट ने चैनलों की दरों में 9 से 10 फीसदी तक की बढ़ोतरी की है. सोनी ने चैनल रेट्स में 9 से 10 फीसदी तक की बढ़ोतरी की है. वहीं डिज्नी स्टार ने अभी तक बढ़ोतरी की जानकारी नहीं दी है. ब्रॉडकास्टर्स ने यह साफ कर दिया है कि बढ़ी हुई दरें 1 फरवरी 2024 से लागू हो जाएंगी. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण यानी ट्राई के नियमों के अनुसार ब्रॉडकास्टर्स नई दरों के ऐलान के 30 दिन के बाद ही उन्हें लागू कर सकते हैं. ऐसे में ट्राई ग्राहकों के हित में दरों की सही तरीके से निगरानी करने की कोशिश कर रहा है. 2024 चुनावी साल है. ऐसे में ट्राई टीवी चैनलों की दरों में इजाफा करके आम लोगों की नाराज नहीं करना चाहता है. वायाकॉम 18 ने सबसे ज्यादा अपने चैनल की दरों में इजाफा किया है क्योंकि इस साल कंपनी ने इंडियन प्रीमियर लीग के डिजिटल राइट्स, बीसीसीआई मीडिया राइट्स, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका मीडिया राइट्स और ओलंपिक 2024 जैसे कई प्रमुख कार्यक्रमों के राइट्स खरीदे हैं. कंपनी ने इसके लिए 34,000 करोड़ रुपये का भारी भरकम निवेश किया है।



## 25,000 नौकरियां देगी ओला इलेक्ट्रिक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में अंडर कंस्ट्रक्शन ओला इलेक्ट्रिक का नई ईवी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट फुल स्केल पर चलने के बाद करीब 25,000 लोगों को नौकरी देगी। इस बात की जानकारी कंपनी के को-फाउंडर भाविश अग्रवाल ने तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में दी। भाविश ने कहा, 2000 एकड़ में फैली इस ईवी हब में मैन्यूफैक्चरिंग कैपेसिटी के अलावा वेंडर और सप्लायर नेटवर्क भी होगा। हम साथ मिलकर तमिलनाडु और भारत को ईवी का ग्लोबल इपिसेंटर बनाएंगे। उन्होंने कहा, हम तमिलनाडु में केवल आठ महीनों में भारत की सबसे बड़ी टू-व्हीलर मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटी बनाने में कामयाब रहें हैं। यहां अगले महीने से प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। इसकी शुरुआत भी हम रिकॉर्ड टाइम में कर रहे हैं। यह केवल भारत और तमिलनाडु में ही पॉसिबल है।

### दूसरा टी-20

## तीन मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम को टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 विकेट की पराजय का सामना करना पड़ा है। इस जीत से 3 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ गई है। सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला 9 जनवरी को डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 130 रन बनाए। 131 रन का टारगेट ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 19 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया।

**दीप्ति शर्मा के दोहरे प्रदर्शन के बाद भी हारे:** भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने 27 बॉल पर 30 रन की अहम पारी खेलकर टीम का स्कोर 130 रन पहुंचाया। उसके बाद बीच के ओवर्स में 2 विकेट लेकर दबाव भी बनाया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकीं। वहीं ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज एलिस पेरी ने नाबाद 34 रनों की पारी खेली। कप्तान एलीसा हेली ने 26 रन बनाए। बेथ मूनी ने 20 रन का योगदान दिया।

### पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला वॉर्म अप 12 जनवरी से शुरू होगा

## मानव सुथार बतौर लीड स्पिनर इंडिया-ए में शामिल, अभिमन्यु ईश्वरन होंगे कप्तान

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंडिया-ए टीम ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ होने वाली 4 मैच की सीरीज के लिए स्क्वॉड जारी कर दिया है। राजस्थान के मानव सुथार और दिल्ली के पुलकित नारंग को बतौर लीड स्पिनर टीम में शामिल किया गया है। अभिमन्यु ईश्वरन इस महीने के अंत में अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के पहले दो मुकाबलों में इंडिया-ए का नेतृत्व करेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला वॉर्म अप 12-13 जनवरी को दो दिवसीय प्रैक्टिस गेम के साथ शुरू होगा। इसके बाद इंग्लैंड लायंस (इंग्लैंड ए) इंडिया-ए के खिलाफ तीन टेस्ट की सीरीज भी खेलेंगी। सीरीज के सभी मुकाबले अहमदाबाद में ही होंगे।

अभिमन्यु हाल ही में साउथ अफ्रीका में दो टेस्ट दौरे के दौरान रिजर्व ओपनर थे, और घरेलू टेस्ट के दौरान इसी तरह की भूमिका निभाने के प्रबल दावेदार हैं। टीम में अभिमन्यु के ओपनिंग पार्टनर के रूप में बी साई सुदर्शन उतर सकते है। सुदर्शन ने हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में लगातार दो अर्धशतक लगाए थे। सुथार को पहली बार मौका स्पिन डिपार्टमेंट में राजस्थान के मानव सुथार को पहली बार भारत ए से खेलने का मौका मिला है। बाएं हाथ के स्पिनर सुथार ने पिछले रणजी सीजन में 39 विकेट लेकर अच्छी वापसी की और इसके बाद जुलाई में श्रीलंका में इमर्जिंग एशिया कप में प्रभावित किया। वहीं, दिल्ली के पुलकित नारंग दूसरे स्पिन विकल्प हैं।



### मिडिल ऑर्डर में सरफराज के पास मौका

भारत-ए के लिए रजत पाटीदार, सरफराज खान, रंजन पॉल रहेंगे। पाटीदार हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में डेब्यू किया था।वहीं, पॉल के नाम 2022-23 रणजी सीजन में तमिलनाडु के सबसे ज्यादा रन है। साउथ अफ्रीका दौरे पर रिजर्व विकेटकीपर केएस भरत भी टीम का हिस्सा होंगे। वहीं, दूसरी चॉइस के रूप में ध्रुव जुरेल टीम में शामिल होंगे।

**तेज गेंदबाजों में सैनी करेंगे लीड:** फास्ट बॉलिंग डिपार्टमेंट में नवदीप सैनी लीड करेंगे उनके साथ कर्नाटक के विदवथ कवेरप्पा भी होंगे। कवेरप्पा ने सीजन के शुरुआती दलीप ट्रॉफी में साउथ जोन के लिए मजबूत प्रदर्शन के दम पर अपनी जगह बनाई। इनके अलावा तुषार देशपांडे और आकाश दीप भी टीम में शामिल होंगे।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## स्टारडम को लेकर बोलीं कंगना-बेवकूफी भरे इस बिजनेस पर हैरानी होती है...


कंगना रनौत अक्सर अपने स्टेटमेंट्स को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी में बनी रहती हैं. एक्ट्रेस आमतौर पर देश-विदेश के ट्रेंडिंग मुद्दों और बॉलीवुड में नेपोटिज्म को लेकर अपनी राय रखती नजर आती हैं. एक बार फिर कंगना ने मुखर होकर एक मामले पर अपने विचार रखे हैं. हालांकि इस बार उनका टॉपिक नेपोटिज्म या कोई मुद्दा नहीं बल्कि वो स्टारडम है जिसे कंगना ने एक्सपीरियंस किया है. दरअसल कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक लंबा नोट लिखा है. इस पोस्ट में कंगना ने बताया है कि एक एक्ट्रेस होना उनके लिए कैसा रहा. उन्होंने लिखा- एक एक्टर होने के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी लोग आपको एयरपोर्ट पर लाउंज में, फ्लाइट में या यहां तक कि किसी दुकान, रेस्तरां, सड़कों पर घूमते हुए देखते हैं, तो वे देखते हैं.

### कभी-कभी रो भी पड़ते हैं, उनके लफ्ज लड़खड़ाते हैं

कंगना ने आगे लिखा- चेहरे एक बड़ी ना उम्मीद की जाने वाली मुस्कुराहट के साथ चमकते हैं जैसे कि कोई छोटा चमत्कार हुआ हो, जैसे कि कोई अच्छा शगुन उन्हें दिया गया हो, जैसे कि सेल्युलाइड की ग्लैमरस दुनिया स्टारडस्ट की धुंध छोड़कर उनके जिंदगी से टकरा गई हो, वे अक्सर मुस्कुराते हैं आंखें चमकती हैं, कभी-कभी रो भी पड़ते हैं, उनके लफ्ज लड़खड़ाते हैं या सेल्फी लेने की कोशिशों से कांप जाते हैं. बेवकूफी भरे बिजनेस पर हैरानी होती है...वेआगे लिखती हैं, अचानक आप भी उनकी आंखों से अपनी मौजूदगी की चमक महसूस करते हैं और हैरान होते हैं कि क्या हो रहा है और होने का सबसे सही तरीका क्या है, यह वो है जो है ही नहीं उस पर काबू पाना नामुमकिन है. सिनेमा स्टार का मिथक अब तक का सबसे प्यारा झूठ ये है कि मुझे मुस्कुराहट और आंसुओं के इस बेवकूफी भरे बिजनेस पर हैरानी होती है. बता दें कि कंगना आखिरी बार तेजस में नजर आई थीं जिसमे वे एयरफोर्स पायलट के कैरेक्टर में दिखाई दी थीं. हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हो गई थी. अब एक्ट्रेस पीरियड ड्रामा 'इमरजेंसी' में नजर आएंगी. फिल्म में वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं. इसके अलावा उनके पास आर माधवन के साथ एक अनटाइटल्ड साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म भी है।



## 'फाइटर' में अधिकारी बनने के लिए एक्टर अनिल कपूर को करनी पड़ी कड़ी मेहनत



बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर इन दिनों अपनी नई फिल्म 'फाइटर' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। वे फिल्म की रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अभिनेता ने फिल्म में 45 साल के व्यक्ति का किरदार निभाया है और इस किरदार को निभाने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है। अनिल हर फिल्म में अपने किरदार जैसा दिखने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, ठीक ऐसा ही उन्होंने फाइटर के लिए भी किया। किरदार में खुद को ढालने के लिए अनिल कपूर ने अपना वजन भी कम किया।

### किरदार में ऐसे ढले अभिनेता

फाइटर में अपने किरदार में ढलने के लिए अनिल कपूर ने अपने वजन पर काम किया और उन्होंने 15 किलोग्राम वजन कम किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने किरदार वायु सेना अधिकारी राकेश जय सिंह उर्फ रॉकी की भूमिका के लिए अपने शरीर को प्रशिक्षित करने के लिए कड़ी मेहनत भी की।

### फिल्म की रिलीज के लिए उत्साहित हैं अभिनेता

अभिनेता हाल ही में रिलीज हुई संदीप रेड्डी वांगा की 'एनिमल' का हिस्सा थे, जो पिछले साल की दूसरी सबसे बड़ी हिट बन गई है और अब वे फाइटर का इंतजार कर रहे हैं। कुछ हफ्ते पहले जब उनका लुक जारी किया गया था तो उन्हें एविएटर चश्मा पहने देखा था। अब बताया जा रहा है कि यह उनका अपना चश्मा था। साथ ही अभिनेता ने फिल्म में काम करने का अनुभव साझा करते कहा था कि फिल्म की टीम उनके बच्चों की तरह है।

**इस दिन रिलीज होगी फिल्म:** वहीं बात करें फाइटर में ऋतिक रोशन, अनिल कपूर, दीपिका के अलावा सहायक भूमिकाओं में करण सिंह ग्रोवर, अक्षय ओबेरॉय, संजीदा शेख, तलत अजीज और अन्य सहित एक शानदार स्टार कास्ट है। विशाल-शेखर की जोड़ी फिल्म के लिए गाने और मूल स्कोर तैयार कर रही है। हवाई एक्शन फिल्म 25 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## तेलुगू फिल्म 'सैंधव' के सेट पर डूबने से बचे थे अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी



नवाजुद्दीन सिद्दीकी 'सैंधव' से साउथ में डेब्यू कर रहे हैं और यह उनकी पहली तेलुगू फिल्म है। नवाजुद्दीन ने बताया कि श्री लंका में इस फिल्म के शूट के दौरान वह समंदर में गिरने से बचे थे। सैंधव 13 जनवरी को रिलीज होगी और इस फिल्म में नवाजुद्दीन एक विलेन के रोल में दिखेंगे। बॉलीवुड में अपने जलवे दिखाने के बाद नवाजुद्दीन सिद्दीकी अब तेलुगू सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं। वह फिल्म 'सैंधव' से तेलुगू फिल्मों में कदम रखेंगे, जिसे शैलेश कोलानु ने डायरेक्ट किया है। उनकी यह फिल्म 13 जनवरी को रिलीज हो रही है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने हाल ही इस फिल्म में काम करने का एक्सपीरियंस शेयर किया। उन्होंने बताया कि 'सैंधव' की शूटिंग के दौरान वह नाव से गिरने से बाल-बाल बचे थे। वे सैंधव में एक विलेन के रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म के लिए एक्टर ने तेलुगू भाषा भी सीखी। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि उन्होंने अपने अब तक के करियर में लगभग हर तरह के किरदार निभा लिए हैं, पर सैंधवा के रोल के बारे में जान वह एक्साइटेड हो गए थे। लेकिन सेट पर एक घटना के दौरान वह बाल-बाल बचे थे।

### 'सामने से बड़ी लहर आई और...'

यह किस्सा श्रीलंका का है। नवाजुद्दीन से जब सेट के दौरान घटी किसी याद रखने वाली घटना के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया, हम श्रीलंका में शूटिंग कर रहे थे और मैं नाव से गिरते-गिरते बचा था। एक बड़ी लहर सामने आ गई और मुझे गिरा ही दिया। मैं भाग्यशाली था कि मैं समंदर में नहीं गिरा और लहर की वजह से नाव में ही गिरा। बेस्ट पार्ट ये है कि यह सब जो हुआ, वो कैमरे में रिकॉर्ड हो गया और उम्मीद है कि फिल्म में इसे देखकर दर्शक जरूर पसंद करेंगे। नवाजुद्दीन 'सैंधव' में नेगेटिव रोल में हैं। इसे लेकर वह बोले, मैंने कभी किसी रोल को हीरो या विलेन के नजरिए से नहीं देखा। जो रोल मुझे खुशी देता है, एक्साइटेड कर देता है, वही मायने रखता है। बल्कि कभी-कभी तो ऐसा होता है कि नेगेटिव रोल आपको परफॉर्म करने का इतना अच्छा स्कोप दे देते हैं कि अच्छे और पॉजिटिव रोल से वह नहीं मिलता। शैलेश ने मेरे लिए ऐसा ही रोल लिखा है।

**अशोका गार्डन का मामला...**

# युवती को शादी का झांसा देकर रेप



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अशोका गार्डन पुलिस ने नरसिंहपुर की रहने वाली युवती की शिकायत पर युवक के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया है। आरोपी फरार है। पुलिस के मुताबिक, मूलत~ नरसिंहपुर निवासी 22 वर्षीय युवती की कालेज में पढ़ाई करती है। उसकी पहचान दीपक उईके से थी। दोनों आपस में रिश्तेदार हैं। 11 अक्टूबर 2023 को युवती दीपक के साथ भोपाल आई थी। दीपक उसे न्यू अशोका गार्डन में अपनी महिला मित्र के कमरे में ले गया। सुबह करीब 10 बजे महिला मित्र अपनी ड्यूटी में चली गई। इसी बीच आरोपी उसे अकेला पाकर रेप किया। विरोध करने पर उसे शादी का झांसा दिया। इसलिए युवती अब तक चुप रही। हालही में युवती ने उस पर दबाव बनाया तो शादी से मुकर गया। आरोपी दीपक इंदौर में रह रहा है।

# रांग साइड से आ रहे बाइक सवार ने सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को मारी टक्कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

सूखी सेवनिया इलाके में सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को रॉग साइड से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तार के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक मुकेश यादव (40) शांति नगर करोंद में रहते हैं और मिस्त्री का काम करते हैं। गत दिवस वह अपने मामा मुन्नालाल यादव के साथ मोटर सायकिल से विदिशा जा रहे थे। दोपहर करीब ढाई बजे सूखी सेवनिया स्थित ग्राम देहरी में खालसा ढाबा के सामने उन्होंने अपनी बाइक रोकी। मुकेश बाइक से उतरकर ढाबे पर पानी पीने चले गए, जबकि उनके मामा मुन्नालाल बाइक के पास ही खड़े रहे। इसी बीच विदिशा की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने रॉग साइड चलते हुए उनके मामा मुन्नालाल और उनके पास खड़ी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मुन्नालाल के हाथ-पैर में गंभीर चोट आई। मुकेश ने उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया और बाद में थाने जाकर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

## गुनगा पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर वाहन चोर, अस्सी हजार की स्कूटर बरामद

पुलिस अधीक्षक देहात प्रमोद कुमार सिन्हा के निर्देश पर संपति संबंधी अपराधों की रोकथाम और बदमाशों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत गुनगा थाना पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से अस्सी हजार रुपये कीमत की स्कूटर बरामद की गई है। आरोपी से वाहन चोरी की अन्य घटनाओं को लेकर पूछताछ की जा रही है।

**एमपी नगर का मामला....**

# लोडिंग वाहन की चपेट में आया बालक गंभीर घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

एमपी नगर में लोडिंग वाहन की चपेट में आया एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक रूबी (35) राजीव नगर में रहती हैं और गृहणी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह करीब 9 बजे उनका बेटा फैजान एजी आफिस के सामने रोड पर बॉल खेल रहा था। उसी स्थान पर एक लोडिंग वाहन खड़ा था। फैजान की बाल लोडिंग वाहन के अंदर चली गई, तो वह गाड़ी में चढ़कर बाल निकाल रहा था। इसी बीच चालक ने अचानक गाड़ी को आगे बढ़ाने के बाद उसे रिवर्स कर दिया। इससे फैजान नीचे गिरा और वाहन तथा पीछे मौजूद दीवार के बीच फंस गया। इस हादसे में फैजान के बाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया तथा शरीर में अन्य स्थानों पर भी चोट आई। रूबी अपने बेटे को इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल लेकर पहुंची और इलाज कराने के बाद थाने जाकर लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

**राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के औचक निरीक्षण में हुआ था खुलासा**

# परवलिया में अवैध बालगृह चलाने वाले संचालक को कोर्ट ने भेजा जेल



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**राजधानी के परवलिया थानांतर्गत ग्राम तारा सेवनिया में अवैध रूप से बालगृह चलाने वाले संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से जेल भेज दिया गया है। पिछले दिनों राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष और अन्य अधिकारियों ने बालगृह का औचक निरीक्षण किया तो पता चला कि बालगृह अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। इस मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी की रिपोर्ट पर संचालक के खिलाफ जेजे एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था।**

**पुलिस ने दर्ज किया था केस**

थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि फरियादी रामगोपाल यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास भोपाल द्वारा एक शिकायती आवेदन दिया गया था। शिकायत में बताया गया कि राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो और अन्य अधिकारियों ने 4 जनवरी को ग्राम तारासेवनिया में संचालित ऑचल बालगृह का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान यह संस्था नियम विरुद्ध और अवैध रूप से संचालित पाई गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संस्था के संचालक अनिल मैथ्यू के खिलाफ जेजे एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। विवेचना के दौरान ऑचल बालगृह में निवासरत बालिकाओं, जिन्हें नित्यसेवा सोसायटी गांधीनगर, शासकीय बालगृह नेहरू नगर, बाल निकेतन ट्रस्ट हमीदिया रोड में सुरक्षार्थ रखा गया है। इन बालिकाओं से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि ऑचल बालगृह में उनसे भवन की साफ-सफाई एवं अन्य कार्य कराए जाते थे। इसके साथ ही ईसाई धर्म के अनुसार पूजा प्रार्थना करने हेतु प्रेरित किया जाता था। इसके बाद संचालक के खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं का इजाफा किया गया था। पुलिस टीम ने आरोपी अनिल मैथ्यु (49) निवासी अप्सरा टावर थाना अशोका गार्डन को गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## यह था पूरा मामला

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो और मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र मोरे तथा अन्य सदस्यों ने बीती 4 जनवरी को ग्राम तारा सेवनिया थाना परवलिया स्थित ऑचल बालगृह का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान पता चला कि उक्त बालगृह अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। यहां पर कुल 67 बालिकाओं की रजिस्टर पर एंट्री मिली थी, लेकिन मौके पर केवल 41 बालिकाएं ही पाई गईं। 26 बालिकाओं के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। परवलिया पुलिस ने जब मामले की पड़ताल की तो पता चला कि गायब सभी बालिकाएं अपने-अपने परिवार के पास सुरक्षित हैं। विभाग की तरफ से इस मामले में लापरवाही बरतने वाले तीन अधिकारियों को निलंबित किया गया था, जबकि दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

# पुलिस आयुक्त ने ट्रैफिक जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी, शपथ भी दिलाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों की जागरूकता को लेकर भोपाल पुलिस द्वारा रविवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय से वाहन रैली निकाली गई। पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्र ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पहले रैली में शामिल पुलिसकर्मी और आमजनों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अनुराग शर्मा, अवधेश गोस्वामी, ट्रैफिक डीसीपी पद्मविलोचन शुक्ल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पुलिस आयुक्त श्री मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि यातायात जागरूकता रैली का उद्देश्य लोगों की जान बचाना एवं सुमग यातायात का संचालन करना है। उन्होंने बताया कि शहर में होने वाले अन्य अपराध की तुलना में सड़क दुर्घटना में अधिक मृत्यु होना पाया है। सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु में लगभग 60 प्रतिशत से अधिक मृत्यु दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करना नहीं पाया गया है। इसी प्रकार चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट भी अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए। पुलिस कमिश्नर कार्यालय से प्रारंभ हुई यह वाहन रैली लिली टाकीज, काली मंदिर तलैया, भारत टाकीज, अल्पना तिराहा, बस स्टैण्ड, भोपाल टाकीज चौराहा, थाना शाहजहांनाबाद, तीन मोहरा, रॉयल मार्केट, जीएडी क्रासिंग, लालघाटी से खानूगांव, करबला, रेतघाट, पॉलिटेक्निक चौराहा, रोशनपुरा, रंगमहल, जवाहर चैक, डिपो चौराहा, पीएण्डटी चौराहा, माता मंदिर चैराहा, अर्जुन नगर, सुभाष स्कूल, राजीव गांधी चौराहा, प्रशासन अकादमी से 1100 क्वाटर, 10 नंबर ओल्ड केम्पीयन से सात नम्बर, नूतन कॉलेज, व्यापम चौराहा से जेल रोड होते हुए वापस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई।

## अलग-अलग स्थानों से आठ दोपहिया वाहन ले उड़े बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शहर में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बदमाश विभिन्न इलाकों से आठ दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक ऐशबाग स्थित मुकद्दस नगर से उबेश खान और स्टेडियम के गेट के पास से इम्तयाज अंसारी, रामजनकी मंदिर अशोका गार्डन से चिरायु गुप्ता, न्यू मार्केट टीटी नगर से संतोष यादव, सोनागिरी पिपलानी से शुभम वर्मा, कोलार के आशीर्वाद कालोनी बंजारी से गुलशन देशमुख और अपेक्स अपार्टमेंट सर्वधर्म कालोनी से राहुल बारवानी तथा राजीव कालोनी करोंद निशातपुरा से अयाजउद्दीन की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**पिपलानी पुलिस ने जब्त किए नकली बीड़ी के 6390 बंडल**

# नकली बीड़ी के बंडल में लगाए जा रहे थे ब्रांडेड बीड़ी के रैपर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नकली बीड़ी के बंडल पर ब्रांडेड कंपनी के रैपर लगाकर बेचा जा रहा था। कंपनी के कर्मचारी की शिकायत पर पिपलानी पुलिस ने कमलानगर झुग्गीबस्ती के एक घर में छापे की कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में ब्रांडेड कंपनी के रैपर लगे नकली बीड़ी के बंडल बरामद किए हैं। बरामद बीड़ी के बंडल की कीमत करीब 40 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिर तार कर धोखाधड़ी व कॉपी राइट एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक शांति नगर नागपुर निवासी शाहबाज अकवानी ऑनलाइन नाम की बीड़ी बनाने की कंपनी के कर्मचारी हैं। पिछले कुछ दिनों से उन्हें शिकायत मिल रही थी कि पिपलानी स्थित कमलानगर झुग्गीबस्ती के एक घर में उनकी कंपनी के नाम के रैपर लगाकर नकली बीड़ी के बंडल बनाए जा रहे हैं। लिहाजा उन्होंने पिपलानी थाने में शिकायती आवेदन दिया था। आवेदन की तस्दीक करने के बाद पुलिस ने रविवार को छापे की कार्रवाई कर दी। एसआई अनंत सिंह परिहार ने बताया कि करोंद निवासी शफीक खान नामक व्यक्ति यहां की एक झुग्गी किराए पर लेकर साधारण बीड़ी के बंडल पर ऑनलाइन नाम की कंपनी के रैपर लगाकर सप्लाई कर रहा था। पुलिस ने मौके से छह हजार 390, कंपनी के रैपर लगे नकली बीड़ी के बंडल बरामद किए हैं। जमानतीय अपराध होने के कारण पुलिस ने आरोपी शफीक खान को गिर तार कर जमानत पर छोड़ दिया है।

**मेट्रो एंकर** कोलार में प्रियंका नगर में कल रात हुआ हादसा

# युवतियों को टक्कर मारने के बाद सड़क पर गिरे बाइक सवार की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित आईकॉन मेरिडियन के सामने प्रियंका नगर में सड़क किनारे चल रही दो युवतियों को बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद युवक बाइक समेत गिर गया था। हादसे में घायल दोनों युवतियों और बाइक सवार को अस्पताल ले जाया गया, वहां आज तड़के युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 23 साल की अनुष्का प्रियंका नगर, कोलार में रहती है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह कॉलेज में पढ़ाई?कर रही है। कल रात करीब 8 बजे अपनी सहेली के साथ मार्केट से अपने घर लौट रही थी। इस दौरान आईकॉन मेरिडियन के पास पीछे से आ रही बाइक के चालक ने तेजी और लापरवाही से बाइक चलाते हुए उसे और प्रीति को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बाइक चालक खुद भी सड़क पर गिर गया था। इस हादसे में अनुष्का, प्रीति और बाइक सवार को गंभीर चोट आई?थी। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां देर रात बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान इलाव जामौद पिता जगत जामौद (26) सलैया के रूप में की गई?है।

## झंडा लेकर पैदल उज्जैन जा रहे कालेज छात्र को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर




नजीराबाद इलाके में झंडा लेकर पैदल उज्जैन जा रहे एक कालेज छात्र को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक यशपाल गुर्जर (22) ग्राम भोजापुरा थाना बैरसिया का रहने वाला है और भोपाल में बीसीए सेकेण्ड इयर की पढ़ाई कर रहा है। पांच जनवरी को यशपाल गांव के अन्य लोगों के साथ झंडा लेकर पैदल उज्जैन जाने के लिए निकला था। सभी लोग सड़क किनारे चल रहे थे। रात करीब आठ बजे यशपाल नजीराबाद थानांतर्गत ग्राम रुनाहा स्थित बिजली आफिस के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे काले रंग के अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से यशपाल के सिर और शरीर में गंभीर चोट आई। साथ चलने वालों ने उसे इलाज के लिए बैरसिया जनरल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने यशपाल के बयान लेने के बाद टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## कार की टक्कर से रैपिडो चालक घायल

**भोपाल।** कमला नगर थानांतर्गत मैनिट चौराहे पर कार की टक्कर से रैपिडो चालक घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक महेश कीर (30) बी-सेक्टर सर्वधर्म कालोनी कोलार रोड पर रहता है और रैपिडो चलाता है। गत दिवस वह नीलबड़ से नेहरू नगर होते हुए कोलार रोड जा रहा था, तभी मैनिट चौराहे के पास साईड से आ रही एक कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महेश बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उनके हाथ-पैर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022